## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी ने फंदे से लटककर दी जान

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार को एक किशोरी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खेत से घर लौटी बहन ने इसकी जानकारी लखनऊ में काम कर रहे पिता को दी। घटना टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम विद्यानगर में मंगलवार की दोपहर हुई। चेतराम रावत लखनऊ में राजगीर का काम कर रहा था जबकि घर के सदस्य खेत गए थे। छोटी बहन ने घर आकर सीतापति (14) को दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकता देखा तो परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### हेल्पलाइन नंबरों की दी गयी जानकारी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** मिशन शक्ति-5 के अंतर्गत श्री राम अभिलाष स्मारक इंटर कॉलेज चौरी अलादादपुर (बनीकोडर) में नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक फूलचंद उपाध्याय ने की। माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार उपाध्याय ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। एसआई आनंद प्रताप सिंह एवं विमलेश द्विवेदी ने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य उमाशंकर शुक्ल सहित विद्यालय स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रहीं।

### खाते में वापस हुई ठगी गई धनराशि

**बाराबंकी, अमृत विचार :** धोखाधड़ी कर आवेदक के खाते पर लोन निकाल लेने की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए साइबर सेल ने पीड़ित के खाते में 73,201 रुपये वापस कराए। आवेदक संजीव खरे ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध उनके खाते से धोखाधड़ी कर लोन निकाल लेने के सम्बन्ध में शिकायती पत्र दिया गया। साइबर क्राइम सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए विपक्षी के खाते में धनराशि को होल्ड कराया गया तथा संपूर्ण धनराशि खाते में वापस कराई गई।

### पांच दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** गोड़वा ग्वारी स्थित आदि शक्ति दुर्गा मंदिर में पांच दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई, जो कल्याणी नदी के घाट पर पहुंची। महाराज रंजीतानन्द, सचिन और पुजारी रामपाल ने पूजा-अर्चना कर कलश में जल भरकर पुनः कथा स्थल पर स्थापित किया। कथा वाचक रंजीतानन्द महाराज ने कहा कि भक्ति के भाव में डूबकर भक्त को असीम सुख की अनुभूति होती है।

### हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला मढ़ीटोला स्थित दुर्गा मंदिर में बुधवार को भगवान शनिदेव की मूर्ति स्थापना के बाद विधि-विधान से हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान अभय शुक्ला, रमेश चंद्र पाठक और पुजारी मंशाराम ने यजमान सन्नो रस्तोगी के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया। इसके बाद भंडारे में बड़ागांव, मसौली, धरौली, सिसवारा, चंदनपुरवा और नसीरनगर सहित आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं ने खिचड़ी, दही और बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया।

### बाउंड्री गिराने व धमकी देने की रिपोर्ट

**बाराबंकी : अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ में रहने वाले सूर्यदीन यादव ने प्लॉट खरीद के बाद बाउंड्री गिराने, कब्जा न देने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। सूर्यदीन के अनुसार उन्होंने अतुल कुमार वर्मा से तीन लाख रुपये में जमीन खरीदी थी। रजिस्ट्री के समय प्लॉट की बाउंड्री वाल बनवाने के नाम पर विक्रेता ने उनसे 80 हजार रुपये अतिरिक्त लेकर बाउंड्री बनवाई थी। उन्हें जानकारी मिली कि बाउंड्री वाल विक्रेता द्वारा ही गिरवा दी गई है। जब वह मौके पर पहुंचे तो बाउंड्री नहीं मिली। पूछने पर आरोप है कि विक्रेता ने रोड चौड़ीकरण का हवाला देते हुए बाउंड्री गिराने की बात स्वीकार की।

### महिला से मारपीट के बाद गर्भपात का आरोप

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना सुबेहा के फूलशाह गढ़ी मजरे अहिरगांव में गर्भवती महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि मारपीट के चलते उसका गर्भपात हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रियंका पत्नी रामलखन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अनुसूचित जाति समुदाय से संबंध रखती हैं। उसके अनुसार 7 फरवरी को वह सन्नो पत्नी मुनव्वर और रुकसार पुत्री मुनव्वर के घर अपने पति से रुकसार की बातचीत के संबंध में पूछने गई थीं। इसी दौरान दोनों आरोपितों ने उन्हें गालियां दीं, बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और लात-घूंसों से मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि वह गर्भवती थीं और मारपीट के कारण उनका गर्भपात हो गया। शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी।

# प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट

**प्रदेश सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया**

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बुधवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। योगी सरकार का नव निर्माण के नौ वर्ष की थीम पर प्रस्तुत बजट आकार के लिहाज से इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। बजट में जिले को क्या मिला इसका आकलन लोग लगाते रहे। प्रदेश के अब तक के सबसे बड़े बजट को लेकर जिले के हर वर्ग के लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश के बजट पर कई लोगों की सकारात्मक टिप्पणी रही तो कुछ लोगों ने इसे निराशाजनक बताया।

### सभी वर्गों का होगा भरपूर विकास



राकेश वर्मा कर्रा, भाजपा नेता।

वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश किए गए बजट को 'दूरदर्शी' करार दिया और दावा किया यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था का 'स्केल' बदलने वाला साबित होगा। बजट के लिए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश को 'आत्मनिर्भर' बनाने के साथ ही सभी वर्ग का विकास करेगा, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों और महिला सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया गया है।

### एमएसएमई के लिए खुला खजाना



कैप्टन डॉ राजेश कुमार तिवारी।

आईआईए अयोध्या के डिविजनल चेयरमैन व सीएमडी ट्रू पॉवर लिमिटेड कैप्टन डॉ. राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बजट में एमएसएमई एवं उद्योगों के लिए खजाना खोल दिया है। एमएसएमई को 3822 करोड़, टेक्नोलॉजी मिशन, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, हथ् करघा,पॉवर लूम,पीएम मित्र योजना एवं डिफेंस कॉरिडोर । प्रदेश सरकार का यह बजट निश्चित ही प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक ले जाएगा।

### पुरानी पेंशन बहाली न होने से निराशा



अभिषेक सिंह।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा कि कुल बजट का 12 .4 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा विभाग के लिए आवंटित किया गया है, जिसे शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है। वहीं, प्रदेश के लाखों शिक्षकों और कर्मचारियों की अरसे से लंबित मांग, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली, प्रदेश सरकार के इस बजट में शामिल न होने पर निराशा व्यक्त की गई है।

### प्रतिस्पर्धा में आएगा एमएसएमई



जयदीप सिंह सिद्धू।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह सिद्धू ने कहा कि सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के लिए क्रेडिट गारंटी और आसान ऋण योजनाओं पर जोर दिया है। यूपी एमएसएमई पॉलिसी के तहत उद्योगों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 225 करोड़ रुपये का प्रावधान है, जिससे नए व्यापारियों को बिना ब्याज या कम ब्याज पर लोन की सुविधा मिल सकेगी।

### संविदा कर्मचारियों में मायूसी



दिवाकर अवस्थी 'गांधी'।

उच्च प्राथमिक अनुदेशक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिवाकर अवस्थी गांधी ने कहा कि बजट में अनुदेशकों, शिक्षामित्रों और रसोइयों के मानदेय वृद्धि और नियमितीकरण को लेकर कोई ठोस घोषणा न होने से बेसिक शिक्षा विभाग के संविदा कर्मचारियों में गहरी निराशा व्याप्त हो गयी है। वर्षों से अल्प मानदेय पर कार्यरत इन कर्मचारियों को इस बजट से उम्मीदें थीं, लेकिन उनकी प्रमुख मांगों की अनदेखी से असंतोष बढ़ गया है।

### उद्यमियों को मिलेगा लाभ



नमन जैन।

हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी नमन जैन ने बताया कि लखनऊ-अयोध्या हाईवे सहित अन्य सड़कों के चौड़ीकरण पर प्रदेश सरकार द्वारा बुधवार को पेश बजट में विशेष ध्यान दिया गया है। इससे उद्यमियों और व्यापारियों को ट्रांसपोर्टेशन लागत में कमी आएगी। इसके साथ ही उद्यमियों और व्यापारियों को काफी सहूलियत मिलेगी। स्थानीय क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को काफी बढ़ावा मिलेगा।

## सूरज समेत तीन दोषियों को आजीवन कारावास

**बाराबंकी: अमृत विचार :** दस साल पहले हुई हत्या के प्रकरण में जिला सत्र न्यायाधीश ने कोर्ट से फरार होने के बाद पकड़े गए सूरज, इसके पिता व चाचा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही प्रत्येक को 78-78 हजार रुपये अर्थदंड अदा करने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 4 अगस्त 2016 को सुबेहा थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरन सरैंया मजरे रोहना मीरापुर के रहने वाले मोती पुत्र वंशू ने पुलिस को बताया कि पेड़ उखाड़ने की रंजिश को लेकर उसके भाई बरसाती की लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्यारोपी मुटरू, सूरज, गुद्दर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इन्हे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसी प्रकरण को लेकर गत शनिवार को तीनों अभियुक्तों को न्यायालय जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-दो ने दोषसिद्ध करार दिया था और फैसला सुरक्षित हो गया था लेकिन इसी बीच एक अभियुक्त सूरज कोर्ट से निकल भागा। जिसे एक दिन बाद पुलिस ने ससुराल से दबोच लिया व जेल रवाना कर दिया था। इसी प्रकरण में बुधवार को कोर्ट ने तीनों को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 78,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में तत्कालीन विवेचक उपनिरीक्षक विश्वनाथ यादव द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

## खेत गई युवती से दुष्कर्म का प्रयास

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** घात लगाए बैठे दो युवकों ने खेत गई युवती से दुष्कर्म का प्रयास किया। उसी वक्त आई एक महिला से भी मारपीट की गई। आरोपी किसी दिन दुष्कर्म करने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना फतेहपुर के एक गांव में सोमवार की शाम को हुई। एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री सोमवार की शाम खेत गयी थी, जहां पर पहले से ही झाड़ियों में बैठे गांव के ही अतुल व उमेश ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पुत्री के शोर करने पर पीछे से आ रही गांव की ही महिला वहां पहुंच गयी और शोर मचाने लगी तो आरोपी उससे भी मारपीट पर आमादा हो गये। लोगों को आते देख दोनों भाग गये।

## सचिव की लापरवाही से फंसा किसानों का भुगतान

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** साधन सहकारी समिति बनीकोडर में धान खरीद के दौरान हुई लापरवाही से दर्जन भर से अधिक किसानों का करीब एक हजार कुंतल धान का भुगतान अटक गया है। तौल के समय किसानों की रेटिना बायोमेट्रिक इनपुट मशीन में दर्ज न किए जाने से भुगतान प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी।

किसानों का कहना है कि उन्होंने नियमानुसार समिति पर धान की तौल कराई थी लेकिन सचिव की लापरवाही से भुगतान नहीं हुआ। धरौली निवासी विनोद कुमार, टड़िया निवासी सीताकांत, महाराजगंज निवासी विजय वर्मा सहित अन्य किसानों के लाखों रुपये फंसे हैं। इस संबंध में समिति सचिव



विनोद, किसान।



अमर सिंह, सचिव।

अमर सिंह ने बताया कि 23 जनवरी को कांटा बंद हो गया था। जिला स्तर के अधिकारियों को सूची भेज दी गई है।

कुछ किसानों का बायोमेट्रिक इनपुट तकनीकी कारणों से दर्ज नहीं हो पाया है। प्रक्रिया पूरी होते ही भुगतान करा दिया जाएगा। वहीं, पीड़ित किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो वे जिला प्रशासन से शिकायत कर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## मार्ग चौड़ीकरण का कार्य शुरू

**बाराबंकी: अमृत विचार :** पटेल तिराहे से रेलवे स्टेशन तक जाने वाले मार्ग के कायाकल्प की तैयारी शुरु हो गई। इसे माडल रोड में बदला जाएगा। बुधवार को इस मार्ग पर बनी मछली मंडी ध्वस्त करा दी गई। चौड़ीकरण का काम शुरू हो गया है। पटेल तिराहे से अनुबंधित बस अड्डा जनेस्मा कालेज फिर रेलवे स्टेशन को एक मार्ग से जोड़ने वाली सड़क को मॉडल सड़क के रूप में विकसित करने की कवायद अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। इस मार्ग पर रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही रहती है। योजना के तहत सड़क के दोनों किनारों पर नालों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। स्टेशन के पास स्थित मछली मंडी क्षेत्र में बुअतिक्रमण हटाने के साथ ही कई दुकानों को ध्वस्त किया गया।

## आज भी प्रेरित करते हैं बाबूजी के विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा 'बाबूजी' की 86वीं जयंती जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने की तथा संचालन जिला महासचिव हिमांशु यादव ने किया। इस अवसर पर सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने बाबूजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबूजी विकास पुरुष के रूप में जाने जाते थे और उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों, मजलूमों और गांव-गुरबत में रहने वाले लोगों के हक-हकूक की रक्षा में समर्पित कर दिया। उनके बताए



बाबूजी के चित्र पर माल्यार्पण करते पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप।

रास्ते पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि बाबूजी ने समाज के हर वर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष किया और उनके विचार आज भी जनसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने भी बाबूजी के योगदान को याद करते हुए कहा कि लोक निर्माण मंत्री और दूरसंचार मंत्री के रूप में उनके कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक, पूर्व एमएलसी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने बाबूजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## महिला को झांसा देकर मंगलसूत्र-जेवर उड़ाए

**बाराबंकी: अमृत विचार :** पुलिस लाइन तिराहे पर मंगलवार की शाम एक महिला को झांसा देकर दो लोग मंगलसूत्र व जेवर लेकर फरार हो गए। बम्भौरा थाना जहांगीराबाद निवासी संध्या तिवारी पत्नी संतोष शुक्ला 10 फरवरी को अपने चचेरे भाई के तिलक में शामिल होने एबी पैलेस आई थीं। शाम करीब 6 बजे वह अपने बच्चों को साथ लेकर पुलिस लाइन तिराहे के पास पहुंचीं। वहीं पर दो अज्ञात व्यक्ति उनके पास आए और झांसा देकरकर उनके कान के झाले, दो मंगलसूत्र और एक अंगूठी उतरवा ली तथा मौके से फरार हो गए। महिला ने बताया कि वह दोनों व्यक्तियों को देखकर पहचान सकती हैं। पीड़िता ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस जांच में जुटी है।

**आस्था** | बैठक में डीएम और एसपी ने व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का अधिकारियों को दिया निर्देश

# महादेवा में कांवड़ियों का मेला, प्रशासन ने संभाली कमान

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के करीब आते ही तैयारियों को लेकर प्रशासन ने भी कमर कस ली है। बुधवार को डीएम, एसपी की मौजूदगी में महादेवा मेला से जुड़ी बैठक में साफ सफाई, सुरक्षा के साथ ही भीड़ प्रबंधन पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया। ताकीद की गई कि शिवभक्तों के साथ शालीन व्यवहार हो।

बम्भनी स्थित ऑडिटोरियम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि कानपुर, बिठूर, जालौन, झांसी सहित दूर-दराज के जनपदों से श्रद्धालु सैकड़ों किलोमीटर की पैदल यात्रा कर कांवर लेकर मेले में पहुंचते हैं, इसलिए उनके साथ शालीन व्यवहार किया जाए और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, सड़क मार्ग की मरम्मत और सड़क किनारे झाड़ियों की सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मसौली से मंदिर तक पड़ने वाले पेट्रोल पंपों व अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान



बैठक में दिशा निर्देश देते डीएम। ● अमृत विचार

की व्यवस्था कराने तथा सड़क पर बिखरी गिट्टियों को तत्काल दुरुस्त कराने को भी कहा। विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए कि खुले तारों और अवैध कटिया पर निगरानी रखी जाए तथा जहां भी विद्युत लाइन खुली हो, उसे तुरंत ठीक कराया जाए। नगर पंचायत और विकास विभाग को मेला क्षेत्र में लगातार सफाई व्यवस्था बनाए रख के निर्देश दिए गए। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने भीड़ प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि मेला क्षेत्र में कहीं भी भीड़ एकत्र न होने दी जाए। मोबाइल टीमें लगातार भ्रमण कर व्यवस्था बनाए रखें और बैरिकेडिंग पर तैनात पुलिसकर्मी दर्शनार्थियों की लाइन नियंत्रित ढंग से आगे बढ़ाते रहें। इस दौरान विधायक शरद अवस्थी, एडीएम निरंकार सिंह, एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, सीएमओ अवधेश कुमार यादव, सीओ गरिमा पंत, कोतवाल अनिल कुमार पांडेय, चौकी इंचार्ज अभिनंदन पांडेय, बीडीओ जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



कांवर लेकर प्रदेश के कोने-कोने से महादेवा पहुंच रहे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### थकान भूल भोले की नगरी पहुंच कांवरिये निहाल

**रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** सुप्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा के फाल्गुनी मेले में कांवरियों का आगमन लगातार बढ़ता जा रहा है। पूरा मेला क्षेत्र हर-हर बम-बम के जयकारों से गुंजायमान है। दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे शिवभक्त मंदिर में जलाभिषेक व पूजा-अर्चना कर मेला बाग में विश्राम कर रहे हैं। रंग-बिरंगी टोपियों और भोंपू की दुकानों पर भी काफी भीड़ उमड़ रही है, जहां श्रद्धालु खरीदारी करते दिखाई दे रहे हैं। कांवरियों का एक जत्था लगभग 101 मीटर लंबा भगवा ध्वज लेकर मंदिर पहुंचा। ध्वज चढ़ाने के दौरान पूरे परिसर में जयकारों की गूंज सुनाई दी। जत्थे के साथ भगवान शंकर और नंदी की आकर्षक झांकियां भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। कानपुर देहात क्षेत्र के एक ग्राम प्रधान अरविंद राजपूत भी बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से मेला बाग पहुंचे। यहां उन्होंने भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी व लड्डू का प्रसाद वितरित कराया।

### मजार रोड पर ठेले लगने से परेशानी



मजार रोड पर लगे ठेले। ● अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बे में हर बुधवार चलने वाले अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान मजार रोड स्थित नगर पंचायत पार्किंग के सामने सड़क पर ठेले बेखौफ लगे हुए हैं। नगर पंचायत प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम जहां अन्य प्रमुख चौराहों पर बुलडोजर से सख्ती दिखा रही है, वहीं पार्किंग के पास ठेले संचालक कार्रवाई से बचने के लिए पार्किंग स्टैंड के आसपास शरण लेते हैं। स्थानीय लोगों और पार्किंग स्टैंड के मैनेजरों ने उच्च अधिकारियों से ठेलेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इससे यातायात बाधित हो रहा है और नगर पंचायत को राजस्व हानि का भी सामना करना पड़ रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाता है या अतिक्रमण यूं ही चलता रहेगा।

### चाइनीज मांझे पर सख्ती, दुकानों पर छापेमारी

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा-कुर्सी मार्ग पर एक बाइक सवार की गर्दन में चाइनीज मांझा उलझने से गंभीर चोट लगने के बाद देवा पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई। घटना के बाद पुलिस ने बुधवार को कस्बा देवा और पूरे कोतवाली क्षेत्र में पतंग विक्रेताओं की दुकानों पर सघन छापेमारी शुरू की। हालांकि किसी भी दुकान से प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद नहीं हुआ। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि किसी दुकान पर चाइनीज मांझा पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटना का संज्ञान लेते हुए तीन टीमें गठित की गई हैं, जो लगातार क्षेत्र में पतंग की दुकानों पर सर्च ऑपरेशन चला रही हैं।



छापेमारी करती पुलिस।

### माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का स्वागत



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया गया स्वागत। ● अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा स्थित यूनियन इंटर कॉलेज में बुधवार को माध्यमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिला मंत्री रमेश कुमार सिंह और जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा का विद्यालय परिवार ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य डॉ. कमलेश सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और संघ शिक्षकों के हितों और समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्वागत समारोह का आयोजन वरिष्ठ प्रवक्ता सुधाकर प्रसाद दीक्षित के नेतृत्व में किया गया। जिला मंत्री रमेश कुमार सिंह ने कहा कि संघ शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी शिक्षक की समस्या अनदेखी नहीं होगी। कार्यक्रम में धर्मेंद्र पांडेय, जयप्रकाश सिंह, वीरेंद्र प्रताप, संध्या श्रीवास्तव, पूनम वर्मा, गरिमा बाजपेई, डॉ. संगीता, अनुपम सिंह, रामखेलावन, सुभाष, शिवेश मिश्रा, सुधा सिंह सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। समारोह का समापन आपसी सहयोग और संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ हुआ।

### हर्षोल्लास से मना चांसलर का जन्मदिन



केक काटते एसआरएमयू चांसलर इ. पंकज अग्रवाल। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को विवि के चांसलर इंजीनियर पंकज अग्रवाल का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रो-चांसलर इंजीनियर पूजा अग्रवाल, कुलपति कर्नल (डॉ.) विजय कुमार तिवारी, रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) हेमेन्द्र शर्मा, छात्र कल्याण निदेशक प्रो. बी.एम. दीक्षित, प्रो. रितु चंद्रा, डॉ. आकांक्षा निगम, डॉ. नीरजा जिंदल, डॉ. अभिषेक सक्सेना, डॉ. वीना सिंह तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मीडिया स्टडीज के डायरेक्टर एवं यूनिवर्सिटी मीडिया सेल प्रभारी प्रो. (डॉ.) रजाउर रहमान सहित सभी संकायों के डीन, निदेशक व विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इंजीनियर पंकज अग्रवाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु की कामना की। चांसलर ने विश्वविद्यालय में शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और छात्र-केंद्रित विकास की दिशा में हो रहे प्रयासों की सराहना की।

### भारत की उन्नति का मूल मंत्र एकात्म मानववाद




कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र प्रभारी।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बुधवार को कोऑपरेटिव सभागार में समर्पण दिवस आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि से हुई। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने कहा कि अंत्योदय और एकात्म मानववाद भारत की उन्नति का मूल मंत्र है। उन्होंने बताया कि 1965 के विजयवाड़ा अधिवेशन में इन विचारों को पार्टी की नीति बनाया गया और 1967 के चुनाव में जनसंघ कांग्रेस के विकल्प के रूप में स्थापित हुई। संजय राय ने कहा कि अंत्योदय समाज के अंतिम व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन दिलाने का रोडमैप है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि व आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं को दीनदयाल जी के विचारों का आधुनिक स्वरूप बताया। एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए जीवन समर्पित किया। जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि एससी-एसटी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, अवधेश श्रीवास्तव, अजीत प्रताप सिंह, अरविंद मौर्य, रामकुमारी मौर्य, गुरशरण लोधी, शीलरत्न मिहिर, पवन सिंह रिंकू, विजय आनंद बाजपेई, प्रमोद तिवारी, रचना श्रीवास्तव, सीताशरण वर्मा, रोहित सिंह, रामेश्वरी त्रिवेदी, नीता अवस्थी, आशुतोष अवस्थी और सूरज सिंह सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### किशोरी हुई लापता आरोपियों पर रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र निवासी किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार उसकी 15 वर्षीय पुत्री को बुधवार की सुबह करीब 4 बजे कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सिकंदरपुर कल्लू निवासी कुलदीप पुत्र रामकुमार उर्फ़ कल्लू अपने रिश्तेदार दीपू, गणेश पुत्रगण गुलाब उर्फ़ शंकर लाल के सहयोग से फुसलाकर भगा ले गया। पुत्री घर में रखे पंद्रह हज़ार रूपए नगद और एक लाख रूपए के ज़ेवर अपने साथ लेकर गयी है।

### पैदल जा रहे दिव्यांग को कंटेनर ने रौंदा

**हरदोई, पिहानी, अमृत विचार।** पैदल बाजार जा रहे दिव्यांग अधेड़ को रास्ते में तेज़ रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। पिहानी कोतवाली के पंडरवा किला निवासी लालाराम (50) दिव्यांग था। बुधवार को बाज़ार के लिए निकला था। गांव में ही उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के पास कंटेनर ने उसे टक्कर मार दी। दिव्यांग लालाराम की वहीं पर मौत हो गई। हादसे का पता होते ही पत्नी बिटोली वहां दौड़ती हुई पहुंची, उसकी पांच बेटियां और एक बेटा है।

### बस की टक्कर से बालिका घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** सेमरा से ऑटो द्वारा गांव लौट रही सात वर्षीय बालिका सड़क हादसे में घायल हो गई। ग्राम बसहार निवासी गुनगुन पुत्री मुकेश अपनी मां कंचन के साथ सेमरा से ऑटो पर सवार होकर गांव आ रही थी। तहसील के पास ऑटो रुकते ही बच्ची उतरने लगी, तभी तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसे चपेट में ले लिया, जिससे वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी। हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। पुलिस ने घायल बालिका को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया तथा रोडवेज बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# सतर्क और संवेदनशील रहकर संपन्न कराएं बोर्ड परीक्षा

## डीएम की उपस्थिति में केंद्र व्यवस्थापकों सहित अन्य अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण, 18 फरवरी से शुरू होंगी परीक्षाएं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद के 133 केन्द्रों पर 18 फरवरी से 12 मार्च तक हाईस्कूल एवं इण्टर की बोर्ड परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण माहौल एवं नकल विहीन सम्पन्न कराने के लिए बुधवार को रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जोनल मजिस्ट्रेट, जोन सेक्टर, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा केन्द्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण दिया गया।

डीएम ने केन्द्र व्यवस्थापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा पुलिस परीक्षा के अनुसार ही कराई जायेगी और सभी केन्द्र व्यवस्थापक अपने केन्द्रों पर परीक्षा की समस्त तैयारियां शासन के निर्देशानुसार कराएं। जिसमें परीक्षार्थियों के लिए सीसी टीवी, पेयजल, विद्युत, रैम्प, शौचालय आदि व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के साथ विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए जनरेटर रखें। परीक्षा कक्षों के मुख्य दरवाजे को छोड़कर सभी खिड़की आदि बन्द करा दें। डीएम ने कहा कि परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रश्न पत्र पुलिस की निगरानी में निर्धारित स्थान पर पहुंचाये जाएंगे। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की गहन चेकिंग कराई जाये तथा के दौरान किताब, मोबाइल आदि लेकर आने वाले परीक्षार्थियों का सामान रखने के लिए एक कक्ष निर्धारित कर उसमें रखवायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त जोनल मजिस्टेट, सेक्टर मजिस्टेट, स्टैटिक मजिस्टेट, केन्द्र व्यवस्थापक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा केन्द्र व्यवस्थापक तथा प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहे।



बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में बोलते डीएम अनुनय झा।

### केंद्रों के बाहर रहेगी पुलिस की तैनाती : एसपी

**हरदोई, अमृत विचार।** अधिकारियों के प्रशिक्षण में पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों के बाहर पर्याप्त महिला एवं पुरूष पुलिस की तैनाती की जायेगी। परीक्षा के समय केन्द्रों के आस-पास शासन द्वारा निर्धारित दूरी तक फोटो स्टेट, कॉल सेन्टर आदि की दुकानें बन्द रहेंगी। परीक्षा केन्द्र के बाहर किसी भी बाहरी व्यक्ति को खड़ा नहीं होने दिया जायेगा तथा केन्द्रों के आस-पास बराबर पुलिस बल द्वारा भ्रमण किया जायेगा।


प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

### पुलिस टीम के साथ निरन्तर भ्रमणशील रहेंगे सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट पुलिस टीम के साथ निरन्तर भ्रमणशील रहें। अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान की परीक्षा के दिन विशेष सर्तकता बरतें। 22 संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों से जिलाधिकारी ने कहा कि अपने केन्द्रों पर तटस्थ एवं सतर्क रहकर परीक्षा सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होने बताया कि जनपद में तहसील में 25, सदर में 36, शाहाबाद में 24, सण्डीला में 28 व सवायजपुर में 20 सहित कुल 133 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिसमें हाईस्कूल के 29756 बालक व 23277 बालिका इण्टर में 27558 बालक व 19939 बालिका सहित कुल 100530 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### जन सनुवाई में सुनीं 56 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में बुधवार को कुल 56 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो।



बैंक के बाहर विरोध प्रदर्शन करते बैंक कर्मी। अमृत विचार

### मांगों को लेकर बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**हरदोई, अमृत विचार।** आल इंडिया बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन के राज्य संगठन यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन की स्थानीय इकाई के सेक्रेटरी राकेश पाण्डेय के नेतृत्व में बुधवार को कार्यदिवस की समाप्ति पर शहर की बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा पर बैंक कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें विभिन्न बैंकों के कर्मचारी शामिल हुए। यूनियन की महिला संयोजिका प्रिया रस्तोगी ने कहा कि मज़दूर विरोधी श्रम संहिताएं वापस लो मज़दूर वर्ग पर हमले बंद करो युवाओं के रोज़गार पर हमले रोको। पीएनबी से अजय मेहरोत्रा ने कहा कि बैंकों, बीमा और सामान्य बीमा में निजीकरण एवं विनिवेश बंद करो। आईडीबीआई बैंक को बेचने का निर्णय वापस लो। प्रदर्शनकारियों में आशुतोष बडोला, संतोष कुमार, पूजा सिंह, राम मिलन, चंद्र शेखर, अमित शर्मा, नीतीश, विवेक, विभांशु, अमित पाण्डेय, संदीप शामिल रहे।

### दादी का हाल लेने पहुंचे पोते ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** गांव में अकेली रह रही बुज़ुर्ग दादी का हाल लेने के लिए शाहजहांपुर के रौज़ा से आए पोते ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। बुधवार की सुबह जब दादी उसे जगाने के लिए कमरे में पहुंची तो वहां उसका शव लटका देख चीख पड़ी। पाली थाने के कछेलिया निवासी रामकिशोर दीक्षित अपनी पत्नी मोहिनी, दो बेटियों और इकलौते बेटे विकास दीक्षित (18) के साथ शाहजहांपुर ज़िले के रौज़ा में रह रहा था। जबकि बुज़ुर्ग मां बिट्टा गांव में अकेली रहती है। रामकिशोर और विकास समय समय पर वृद्धा का हाल लेने के लिए गांव आते थे। दादी बिट्टा ने बताया कि मंगलवार की शाम विकास गांव पहुंचा था।

# इंटरलॉकिंग उखड़वाकर परखी गुणवत्ता

- सीडीओ ने हरपालपुर व साण्डी ब्लॉक का किया निरीक्षण

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सान्या छाबड़ा ने विकास खण्ड कार्यालय हरपालपुर एवं विकास खण्ड कार्यालय साण्डी का निरीक्षण किया। इस दौरान सीडीओ ने विकास खण्ड परिसर, आवासीय भवनों, सभागार प्रशासनिक भवन व उसमें अवस्थित विभिन्न पटलों व कार्यालयों का निरीक्षण किया। अभिलेखों का रख-रखाव देखा।

ब्लाक हरपालपुर में क्षेत्र पंचायत द्वारा इण्टर लांकिग के कार्य की गुणवत्ता खराब मिलने पर तकनीकी समिति से जांच कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभागार में फाल्स सीलिंग के कराये गये कार्य की फिनिशिंग ठीक न पाये जाने पर उसे ठीक कराने के निर्देश दिये गये।

ब्लाक साण्डी में प्रेरणा कैन्टीन को स्थानान्तरित कराने व उसके सुव्यवस्थित संचालन के निर्देश दिये। सीडीओ ने दोनों ब्लॉक परिसरों में स्थित निष्प्रयोज्य भवनों के तत्काल मूल्यांकन कराकर नियमानुसार निस्तारण कराने के निर्देश दिए।


इंटलांकिंग उखड़वाकर देखतीं सीडीओ सान्या छाबड़ा। अमृत विचार

### अनियमितता मिलने पर कार्रवाई के निर्देश

हरपालपुर में लेखाकार पटल पर गार्ड फाइल अद्यावधिक न पाये जाने तथा भुगतान की पत्रावलियों में अनियमितता पाये जाने पर लेखाकार सुनील कुमार सिंह को आरोप पत्र जारी कर विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिये। ब्लाक साण्डी में स्थापना पटल का निरीक्षण करते हुए राजीव कुमार त्रिवेदी, एडीओआईएसबी में गत वर्ष का व्याज न लगाये जाने पटल सहायक रामनरेश गौतम को कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई के निर्देश दिये।

## निजी स्कूल के शिक्षक ने बुरी नीयत से छात्रा को दबोचा

- शिकायत करने पर छात्रा की मां से की मारपीट, जांच कर रही पुलिस

**हरदोई, अमृत विचार।** निजी स्कूल के शिक्षक ने बुरी नीयत से छात्रा को दबोच लिया। इसका पता होने पर जब छात्रा की मां ने विरोध किया तो आरोपी शिक्षक ने उससे मारपीट की। आरोप है कि जानकारी देने के बावजूद स्कूल के प्रिंसीपल ने भी आरोपी शिक्षक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। 1090 पर कॉल करने पर पहुंची पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बताया गया कि शहर के एक मोहल्ले की 11 वर्षीय छात्रा महात्मा गांधी रोड पर एक निजी स्कूल में कक्षा-4 की छात्रा है। उसके पिता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बुधवार को बेटी स्कूल गई थी, दोपहर में वह पत्नी के साथ उसे स्कूल लेने पहुंचा तो बेटी ने बताया कि स्कूल के एक शिक्षक ने उसे गंदी नीयत से दबोच लिया। छात्रा की मां ने विरोध दर्ज कराया तो आरोपी शिक्षक ने उसे तमाचा जड़ दिया। पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

# छप्पर के नीचे सो रहे अधेड़ की हत्या

संवाददाता, हरदोई, संडीला

- जानवरों को बांधने के लिए गांव के बाहर बना रखा था अहाता, वहीं चारपाई पर मिला शव

**अमृत विचार।** गांव के बाहर पड़े अपने छप्पर में सो रहे अधेड़ की पीटकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी तब हुई जब सुबह उसका पुत्र उसे बुलाने के लिए वहां पहुंचा। चारपाई पर पिता का खून से लथपथ शव देख उसने शोर मचाया, जिसके बाद भीड़ जमा हो गई। एएसपी पूर्वी सुबोध गौतम ने बताया कि जांच की जा रही है, जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

सण्डीला कोतवाली के मई तो निवासी हुकुम सिंह यादव (52) पुत्र बेंचेलाल पेशे से किसान था।


मृतक हुकुम सिंह की फाइल फोटो।

उसके दो बेटे व दो बेटियां है। जानवरों को बांधने के लिए हुकुम सिंह ने गांव के किनारे छप्पर डाल रखा है, रात में खुद भी वहीं सोता था। बड़े बेटे रंजीत यादव ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि पिता रोज़ की तरह मंगलवार की रात खाना खाने के बाद सोने के लिए वहीं छप्पर में चले गए। बुधवार की सुबह काफी देर होने पर जब वह घर नहीं पहुंचे तो छोटा बेटा अजीत यादव देखने गया, जहां पिता का खून से लथपथ शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस टीम के अलावा एएसपी पूर्वी सुबोध गौतम और सीओ सण्डीला संतोष सिंह पड़ताल करने पहुंच गए। उन्होने हत्या के पीछे की वजह जानने के लिए बेटे रंजीत सिंह से पूछताछ की। लेकिन फिलहाल कोई वजह स्पष्ट नहीं हो सकी थी। फोरेंसिक टीम हत्या से जुड़े क्लू जुटा रही है। एएसपी पूर्वी ने कहा कि जल्द सारा घटन का खुलासा हो जाएगा।

### परिक्रमा पड़ाव स्थल का किया निरीक्षण

**कोथावां, हरदोई, अमृत विचार।** 18 फरवरी से शुरू हो रही पौराणिक चौरासी कोसी परिक्रमा मेला के तृतीय पड़ाव नगवां कोथावां का अधिकारियों ने बुधवार को तीसरी बार निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी सण्डीला नारायणी भाटिया व क्षेत्राधिकारी हरियावां अजीत सिंह चौहान ने परिक्रमा पड़ाव स्थल का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी सण्डीला नारायणी भाटिया से पड़ाव प्रभारी ने तीसरी बार भी पड़ाव स्थल पर बने तालाब को पट्टा मुक्त कराए जाने की गुहार लगाई, लेकिन उपजिलाधिकारी फिर से बात को अनसुना करते हुए आगे बढ़ गईं।

## बारातियों से भरी बस में ट्रक ने मारी टक्कर, 10 लोग घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** तेज़ रफ्तार ट्रक ने बारातियों से भरी बस में टक्कर मार दी, हादसे के बाद ड्राइवर व कंडक्टर बस छोड़कर भाग गए। मंगलवार की रात शाहजहांपुर रोड पर अटवा असिगांव के पास हुए हादसे में तकरीबन 10 बाराती घायल हो गए। जिन्हे एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। अरवल थाने के आलमपुर निवासी अंकुल कुमार नोएडा में नौकरी करता है। मंगलवार को उसकी बारात बेहटा गोकुल थाने के रसूलपुर बहेड़ा जा रही थी। बाराती दो बसों व कई कारों पर अलग-अलग सवार थे। पीछे चल रही बस में कोतवाली देहात के अटवा-असिगांव के पास तेज़ रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे बस डीसीएम से टकरा गई। हादसा होने से बस सवार बारातियों में चीख-पुकार होने लगी, उसी बीच ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने एम्बुलेंस-108 से बारातियों को मेडिकल कालेज भेजा। सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है।

# हिस्ट्रीशीटरों पर रखी जाए नजर: एसपी

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बुधवार को बिलग्राम कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों द्वारा उन्हें सलामी दी गई। इसके बाद एसपी ने कोतवाली परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव, बैरक, मालखाना एवं कार्यालय व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया।

एसपी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, नियमित गश्त बढ़ाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी रखने और प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। कोतवाली की वर्तमान भवन स्थिति का भी जायजा लिया।


अभिलेखों का अवलोकन करते एसपी अशोक मीणा।

### घर से लाखों के जेवर और नकदी ले गए चोर

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में ग्राम बंधिया मजरा बहुती में सेवानिवृत्त शिक्षक और सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी के घर से लाखों रुपये के जेवर और डेढ़ लाख रुपया चोरी हो गया। सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बंधिया निवासी सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी अरविंद शुक्ला ने बताया कि वह लखनऊ में अपने घर पर रहते हैं। बंधिया में उनके इन्टर कालेज से सेवानिवृत्त शिक्षक राम निवास शुक्ला और मां फूलमती देवी रहती हैं। मंगलवार की रात बंधिया में पिता और मां दोनों घर में ही बाहर वाले कमरे में सो गये। तभी घर में घुसे चोर जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए।

# जयंत चौधरी के बयान पर भड़के शिक्षक, प्रदर्शन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में टीईटी को लेकर मंत्री जयंत चौधरी के बयान को लेकर शिक्षक भड़क गए। प्राथमिक शिक्षक संघ व टीचर फेडरेशन आफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शनकारी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी का पुतला फूंका।

विरोध प्रदर्शन करते हुए शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अक्षत पांडेय ने कहा कि शिक्षकों पर टीईटी थोपना गलत है। मंत्री ने जिस प्रकार से शिक्षकों के लिए बयानबाजी की है वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सेवा में आने के बाद 20-25 वर्षों के बाद वर्तमान योग्यता हासिल करने की बाध्यतता न्यायोचित नहीं है। कहा कि शिक्षक संघ ऐसी बयानबाजी करने वाले नेताओं का विरोध करेंगे। राजकीय इंटर कालेज से शुरू हुए प्रदर्शन में सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया। प्रदर्शन के पश्चात मंत्री का पुतला फूंका गया। प्रदर्शन के दौरान प्रांतीय कोषाध्यक्ष शिवशंकर पांडेय, जिला मंत्री विपिन सिंह, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह, नीरज अवस्थी, ललित शुक्ला, अनंतराम पांडेय, रुपेश अवस्थी, हिमांशु श्रीवास्तव, सत्यार्थ प्रकाश मिश्र सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।


विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक-शिक्षिकाएं।

### शिक्षक नेताओं को पुलिस ने उठाया

मंत्री जयंत चौधरी के बयान व टीईटी अनिवार्यता के विरोध में प्रदर्शन कर रहे प्राथमिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष शिवशंकर पांडेय व जिलाध्यक्ष अक्षत पांडेय को पुलिस कोतवाली उठा ले गई। इसके बाद कोतवाली के बाहर सैकड़ों शिक्षकों ने पहुंच कर पुलिस की कार्यशैली का विरोध किया। हंगामा देख पुलिस ने दोनों नेताओं को छोड़ दिया।

**वारदात** बेहटा गोकुल थाने के बलेहरा गांव में अक्षय सिंह की हत्या का मामला

# 8 सेकेंड में 6 बार घोंपा भाला, 5 बार लाठी से वार

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार।** प्रेम-प्रसंग की रंजिश में चाचा व चचेरे भाइयों द्वारा युवक की हत्या का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। 8 सेकेंड के वायरल वीडियो में हत्यारों की बर्बरता आम है। सड़क पर निढाल होकर पड़े युवक पर एक हमलावर ने 8 सेकेंड में 6 बार भाला घोंपा, जबकि एक अन्य हमलावर ने लाठी से पूरी ताकत से 5 बार वार किए।

बताते चलें कि बेहटा गोकुल थाने के बलेहरा निवासी अक्षय सिंह अपनी पत्नी और दोनों बेटों के साथ शहर के मन्नापुरवा में रहता था। लेकिन एसआईआर के सिलसिले में वह सोमवार को गांव गया था, मंगलवार की सुबह शौच के बाद लौटते समय रास्ते में घेराबंदी कर उसके चाचा अजीत सिंह उर्फ पिंकू ने अपने बेटों के साथ मिलकर हमला कर दिया था। लाठी और भाला से हुए हमले में अक्षय की वहीं पर मौत हो गई थी। दिनदहाड़े हुई हत्या की वारदात से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था। एसपी अशोक कुमार मीणा, एसपी/सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रताप सिंह व सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी और पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए थे।


अक्षय सिंह की फाइल फोटो।

### काफी समझाने के बाद हुआ अंतिम संस्कार

शव के पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की देर शाम अक्षय का शव बलेहरा पहुंचा। वहां रात से तैनात पुलिस ने बुधवार की सुबह होते ही शव का अंतिम संस्कार कराने को कहा, लेकिन अक्षय के परिजन नामज़द पांचों हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए और शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। काफी देर तक समझाने के बाद भी जब नहीं माने तो सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह सीधे गांव पहुंचे और हत्यारोपियों की तुरंत गिरफ्तारी और कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का भरोसा दिया। जिसके बाद दोपहर में शव का अंतिम संस्कार हो सका।

### तीन आरोपियों की गिरफ्तारी

बेहटा गोकुल पुलिस ने बलेहरा के अक्षय सिंह की हत्या के मामले में उसके भाई सूरज सिंह की तहरीर पर पांच के खिलाफ नामज़द रिपोर्ट दर्ज की है। सूत्रों के अनुसार बुधवार को पुलिस ने तीन हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की है, लेकिन इस बारे में पुलिस का कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था।

### लोनी शुगर मिल कर्मी की हादसे में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** लोनी शुगर मिल का कर्मी का शव देर रात मिल के गेट नंबर-1 के पास सड़क पर पड़ा मिला। उसकी हादसे में मौत बताई जा रही है। शाहाबाद पुलिस ने मंगलवार की देर रात लोनी शुगर मिल के गेट नंबर-1 से कुछ दूरी पर 36 वर्षीय युवक का शव पड़ा देखा। शव को कब्जे में लेते हुए पुलिस जांच में जुट गई। उधर शाहाबाद कोतवाली के नगला कल्लू की विद्यावती पत्नी राजेंद्र मिश्रा अपने बेटे बब्लू मिश्रा की तलाश में बुधवार सुबह पुलिस के पास पहुंची, जहां से दी गई जानकारी के मुताबिक बब्लू के शव की शिनाख्त हो सकी। चार भाइयों में एक बब्लू से बड़ा और दो उससे छोटे है, उसकी शादी नहीं हुई थी।



### ससुराल में जबरन एसिड पिलाई गई युवती की मायके में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** दो भाइयों की इकलौती बहन को ससुराल में एसिड पिला दिया गया, मायके वालों की तहरीर पर आरोपी पति को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी थी, जबकि मायके वाले पीड़िता का इलाज करा रहे थे। बुधवार को युवती की मौत हो गई। लोनार निवासी सुनील सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने करीब तीन साल पहले इकलौती बेटी अंजू सिंह (23) की शादी पिहानी कोतवाली के बरम्हौला के विनीत सिंह के साथ की थी। सुनील ने बताया कि विवाह के बाद बेटी को और दहेज लाने के लिए प्रताड़ित किया जाता था। पिछले साल 17 मई को पति विनीत सिंह ने अंजू को जबरन ऐसिड पिला दिया था, गंभीर रूप से घायल अंजू का लखनऊ से इलाज चल रहा था, सूचना मिलने पर जब सुनील सिंह बरम्हौला पहुंचा तो वहां बेटी दर्द से तड़पती मिली थी। ससुर सहित अन्य ससुराल वाले फरार थे।जहां बुधवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।



### नई तहसील व सीएचसी के सामने फुट ओवरब्रिज निर्माण कराने की मांग

**सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार।** प्रादेशिक जनहित जागरण समिति ने नई तहसील परिसर तथा लखनऊ रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के सामने फुट ओवरब्रिज निर्माण की मांग उठाई है। इस संबंध में मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी हरदोई को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सण्डीला नरायनी भाटिया को सौंपा। समिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिका सण्डीला के पूर्व अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री ने बताया कि हरदोई-लखनऊ मार्ग (एनएच-731) एक अत्यंत व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग है, जहां दिनभर भारी और तेज रफ्तार वाहनों का आवागमन रहता है। इसी मार्ग पर नई तहसील स्थित होने के कारण प्रतिदिन सैकड़ों नागरिक अपने कार्यों से आते-जाते हैं। सड़क पार करते समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# नैमिषारण्य क्षेत्र के विकास के लिए बजट में सौ करोड़ हुए प्रस्तावित


रमेश चंद्र शास्त्री


महंत विवेक शास्त्री


विमलानंद सरस्वती


राजनारायण पांडेय

**बढ़ेगी सुविधा**

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार।** जनपद के प्रसिद्ध तीर्थ नैमिषारण्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने लगातार दूसरे वर्ष प्रदेश बजट में धन की व्यवस्था की है। नैमिष तीर्थ सहित चौरासी कोसीय परिक्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के लिए सौ करोड़ रुपए की प्रस्तावना की है।

प्रदेश वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने श्री नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषद द्वारा नैमिषारण्य क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना विकास के लिए सौ करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित की है। इस धनराशि से तीर्थ में चल रहे नैमिष कॉरिडोर परियोजना, वेद विज्ञान केंद्र, पार्किंग निर्माण, चौराहों के सौंदर्यीकरण, परिक्रमा मार्गों सहित पड़ावों के सौंदर्यीकरण में तेजी आएगी। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब इस तीर्थनगरी के कायाकल्प के लिए इतनी बड़ी धनराशि आवंटित की गई है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा सदन में प्रस्तुत 9,12,000 करोड़ के भारी-भरकम बजट में धार्मिक पर्यटन को केंद्र में रखा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नैमिषधाम को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए सरकार संकल्पित है।

आवंटित 100 करोड़ रुपये की राशि से कॉरिडोर के निर्माण, बुनियादी ढांचे के विस्तार और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में इजाफा किया जाएगा।

**नैमिष विकास से सीतापुर में बढ़ेगा धार्मिक पर्यटनः** सनातन धर्म में नैमिषारण्य तीर्थ की पौराणिक एवं आध्यात्मिक महत्ता है। भारत के सभी प्रदेशों के अतिरिक्त नेपाल, बांग्लादेश, अमेरिका, मॉरीशस सहित विश्व के कोने कोने से श्रद्धालु यहां दर्शन पूजन हेतु आते हैं। अक्सर विदेशी श्रद्धालु दर्शन के लिए तो यहां आते हैं लेकिन उनके स्तर की व्यवस्था ने होने से ठहरने के लिए लखनऊ का चयन करते हैं। तीर्थ का विकास होने से यहां काशी मथुरा की तरह विदेशी पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की आवक बढ़ेगी। नैमिषारण्य के विकास को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि यह निवेश सीतापुर की अर्थव्यवस्था के लिए 'गेम चेंजर' साबित होगा। कॉरिडोर बनने से अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटक यहां आकर्षित होंगे, जिससे होटल उद्योग और स्थानीय व्यापार को नई संजीवनी मिलेगी।

## बाजार से लेकर चौराहों तक बजट पर चर्चा

शहर के मुख्य चौराहा लालबाग पर रामा ज्वैलर्स में कई ग्राहक कर्मचारी मौजूद थे। शिक्षक जीतेंद्र कुमार ने बताया कि कैशलेश स्वास्थ्य सुविधा शिक्षक ही नहीं उनके परिवार के लिए भी राहत लेकर आई है। सर्राफ आलोक रस्तोगी बताते हैं कि बाजार भाव में कोई कमीं नहीं दिखी है। चढ़ते और उतरते भाव के कारण ग्राहक और दुकानदार दोनों परेशान हैं।


अपनी दुकान पर फोन पर बजट देखते सर्राफ आलोक रस्तोगी। अमृत विचार

## संत समाज में हर्ष की लहर

सरकार की इस घोषणा का तीर्थ नगरी के साधु-संतों और महंतों ने पुरजोर स्वागत किया है। संत स्वामी विमलानंद सरस्वती का कहना है कि जिस प्रकार काशी विश्वनाथ और अयोध्या धाम का स्वरूप बदला है, उसी तर्ज पर नैमिषारण्य का विकास होने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम अनुभव होगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि कॉरिडोर बनने से न केवल धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए द्वार भी खुलेंगे। श्री महामृत्युंजय पीठ के नैमिष आचार्य रमेश चंद्र शास्त्री ने बताया कि नैमिष तीर्थ के विकास के लिए योगी सरकार द्वारा 100 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रसन्नता का विषय है । मेरी यही आशा है कि तीर्थ की गरिमा के अनुरूप विकास कार्य होने चाहिए ताकि तीर्थ की मौलिकता बनी रहे। चक्रतीर्थ पुजारी राजनारायण पाण्डेय ने बताया कि योगी सरकार तीर्थ के विकास को लेकर सतत प्रयत्नशील है, तीर्थ में यात्री सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, अब हमारा तीर्थ काशी, मथुरा की तर्ज पर विकसित होगा। श्री महाकाली महाकाल मनसा देवी मंदिर महंत विवेक शास्त्री ने बताया कि यह भूमि पिछले कई दशकों से विकास के पथ से दूर थी, योगी सरकार का धन्यवाद है कि उनके द्वारा नैमिष का उत्थान किया जा रहा है । यह बजट नैमिष के लिए नई उम्मीद का बजट है।

# ट्रिपलिंग कर रहे बाइक सवार 3 की मौत

**रफ्तार की मार**

**कमलापुर, सीतापुर**


हादसे के बाद घटनास्थल पर जमा राहगीरों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कमलापुर इलाके के मास्टरबाग स्थित बैकुण्ठापुर में बाइक सवार तीन ग्रामीण सड़क हादसे का शिकार हुए, अज्ञात वाहन की चपेट में आकर तीनों की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मरने वाले कमलापुर थानाक्षेत्र के भिठौली और जमरखा निवासी बताए जा रहे हैं।

कमलापुर थानाक्षेत्र के भिठौली हरिकेश(50) और आकाश (22) घर से बाइक पर सवार होकर निकले थे। इनके साथ बाइक पर तीसरा साथी जमरखा निवासी गया प्रसाद (65) था। गया प्रसाद आकाश के ससुर बताए जा रहे हैं। ट्रिपलिंग कर रहे बाइक सवार इलाके में बैकुण्ठापुर के नजदीक पहुंचे, इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गए। तीनों राहगीरों की उपचार से पहले ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसओ कमलापुर इतुल चौधरी ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हुई है, अज्ञात वाहन की तलाश में सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

## असलहे के साथ पकड़ा गया हिस्ट्रीशीटर प्रमोद

**सीतापुर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत इमलिया सुल्तानपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने ग्राम परेवा निवासी शातिर हिस्ट्रीशीटर प्रमोद अवस्थी को एक अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी महोली नागेन्द्र चौबे के मुताबिक, थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक अवैध असलहा बरामद किया। पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया अभियुक्त प्रमोद अवस्थी थाने का चिन्हित हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरुद्ध सीतापुर के विभिन्न थानों में गैंगेस्टर एक्ट, चोरी और नकबजनी जैसे करीब दस गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस उससे पूछताछ करने में जुटी हुई है ताकि अहम जानकारी मिल सके।

## किसानों को दिया आधुनिक खेती का प्रशिक्षण



आधुनिक खेती का प्रशिक्षण लेते किसान। अमृत विचार

**बिसवां/ सीतापुर।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन में चयनित क्लस्टरों के किसानों को प्राकृतिक खेती की वैज्ञानिक जानकारी के लिए प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया में हुआ। मुख्य उद्देश्य किसानों को रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने, मृदा स्वास्थ्य सुधारने तथा कम लागत में टिकाऊ उत्पादन के लिए प्रेरित करना रहा। प्रशिक्षण मे प्राकृतिक खेती के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए जीवामृत, घनजीवामृत एवं बीजामृत की तैयारी विधियों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम प्रभारी एवं मृदा वैज्ञानिक सचिन प्रताप तोमर ने किसानों को प्राकृतिक खेती, पोषक तत्व प्रबंधन, फसल अवशेष प्रबंधन , गो- आधारित जैविक के प्रयोग पर बल दिया।

## जीआईसी में पुरातन छात्र सम्मेलन की धूम


वार्षिकोत्सव में सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**नेरी, सीतापुर।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज (जीआईसी) नेरी में वार्षिकोत्सव एवं पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय की पूर्व छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिससे यादें ताजा हो उठीं। मुख्य अतिथि रमेश चंद्र दीक्षित एवं विशिष्ट अतिथि संजय मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य रेखा श्रीवास्तव ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे स्वयं के मूल्य को पहचानें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। विशिष्ट अतिथि संजय मिश्रा ने छात्राओं के कौशल की सराहना करते हुए उन्हें व्यक्तित्व निर्माण की प्रेरणा दी। शिक्षिका सुधा ने प्रेरक कहानी के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास भरा, वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका रश्मि द्वारा किया गया। इस अवसर पर पल्लवी मिश्रा, प्रियंका मिश्रा, रामरूप अवस्थी और रामप्रकाश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## यूजीसी के समर्थन में किया प्रदर्शन

**सीतापुर, अमृत विचार।** डॉ.अंबेडकर संवैधानिक महासंघ ने यूजीसी के समर्थन में हुंकार भरी। कार्यकर्ताओं ने बाबूगंज स्थित डॉ. आंबेडकर पार्क में विशाल जनसभा करने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी पर लगाई गई रोक को हटाने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जनसभा को संबोधित करते हुए महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार सिद्धार्थ ने कहा कि यूजीसी पर रोक लगने से देश की शिक्षा व्यवस्था कमजोर होगी। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि इस निर्णय से सबसे अधिक नुकसान गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं को होगा। प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कमला देवी विद्यालय में वार्षिकोत्सव की धूम

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर।** विकास खंड ऐलिया के ग्राम देवई स्थित कमला देवी विद्यालय में को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक अनुज कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटक के माध्यम से सामाजिक कुरीति पर प्रहार किया। व्यंग्यपूर्ण प्रस्तुति से शिक्षा के महत्व को दर्शाया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राम नरेश शुक्ला और अशोक अवस्थी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि, युवा शायर सलमान सीतापुरी ने प्रेरणादायक गीतों के माध्यम से छात्रों को कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास का मंत्र दिया। कार्यक्रम का संचालन मुख्तार ने किया।

## ई-रिक्शा चालक और यात्री के बीच हुई मारपीट

**लहरपुर, सीतापुर।** लहरपुर कस्बे के मोहल्ला गुरुखेत बाजार में किराए को लेकर ई-रिक्शा चालक और यात्री के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर लहरपुर अरविंद सिंह के मुताबिक, यात्री द्वारा किराए के पैसे न देने पर विवाद शुरू हुआ था, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गया। वीडियो में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर वार करते नजर आ रहे हैं, जबकि स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। बताया कि वीडियो में दिख रहे व्यक्तियों की पहचान की जा रही है।

## कहीं कलशयात्रा तो कहीं हुआ रुद्राभिषेक


कलशयात्रा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में मंगलवार को आध्यात्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। कमलापुर और लहरपुर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ कमाया। कमलापुर के मोहल्ला बहादुरपुर में शिव शक्ति सेवा संस्थान रुद्रेश्वर महादेव द्वारा आयोजित 26वें श्री शतचंडी महायज्ञ एवं संकीर्तन का मंगलवार को भव्य शुभारंभ हुआ। ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई जल कलश यात्रा भटपुर घाट पहुंची, जहां आदि गंगा मां गोमती का पूजन कर कलश भरा गया। आचार्य संतोष शुक्ला के मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ की वेदी स्थापित की गई। उधर, लहरपुर में अनामी ज्योति आश्रम वाटिका में चल रहे श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत मंगलवार को श्री सतेश्वर महादेव का विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया गया।

**न्यूज ब्रीफ**

## कबाड़ की आड़ में मिट्टी खनन का आरोप

**महमूदाबाद, सीतापुर।** सेमरी स्थित ऐतिहासिक सूत मिल परिसर में कबाड़ और मलबे की नीलामी के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। बुधवार को मिल परिसर से ट्रैक्टर-ट्रॉली में मिट्टी भरकर ले जाते वाहन देखे गए, जिसके बाद इलाके के लोगों ने आरोप लगाया कि कबाड़ हटाने के नाम पर जेसीबी मशीनों से मिट्टी खुदवाकर बेची जा रही है। मामले की जानकारी मिलने पर तहसीलदार अनिल कुमार राम तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए कि यदि कहीं भी अवैध खनन पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने मुख्य मार्गों पर की पैदल गश्त

**सीतापुर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशानुसार थानगांव थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मुस्तैद है। थानाध्यक्ष विमल गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुख्य मार्गों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त की। शादी-विवाह के सीजन को देखते हुए चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और राहगीरों की सुरक्षा के लिए रात में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

## सड़क हादसे में युवक घायल, हालत गंभीर

**तंबौर, सीतापुर।** रेउसा थाना क्षेत्र के अंतर्गत करसा गांव से शादी समारोह से लौट रहे एक युवक की बाइक जानवर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में युवक घायल हो गया, जिसे पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। काशीपुर मार्ग, रेउसा में देर रात काशीपुर निवासी युवक वैवाहिक कार्यक्रम से घर लौट रहा था, तभी अचानक बाइक के सामने जंगली जानवर का बच्चा आ गया। सूचना पर पहुंची पीआरबी की टीम ने तत्काल घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेजा गया।

## सीएचसी प्रभारी ने जाना टीकाकरण का हाल, दिए निर्देश

**लहरपुर, सीतापुर।** ग्राम स्वास्थ्य, एवं पोषण दिवस के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक ने विभिन्न टीकाकरण सत्र स्थल का निरीक्षण किया। टीकाकरण सत्र में शत प्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश दिए गए। वीएचएसएनडी ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर करस्योरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वसन मानक को पूरा करने के निर्देश दिए। कहा काम में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।



जिलाधिकारी द्वारा दिये गए संदेश को पढ़कर सुनाते स्वास्थ्य अधिकारी।

## कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान, छात्रों ने ली शपथ

**लहरपुर, सीतापुर।** क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद में 'स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता पखवाड़े' के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पीएमडब्ल्यू धर्मेंद्र मौर्य ने जिलाधिकारी का संदेश पढ़कर सुनाया और बच्चों को कुष्ठ रोग के लक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि से शुरू हुए इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए धर्मेंद्र मौर्य ने कहा, कुष्ठ रोग कोई पाप नहीं है और अब इसका इलाज बेहद आसान है। कुष्ठ पीड़ितों को समाज में सम्मान के साथ जीने का पूरा अधिकार है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे कुष्ठ रोगियों के प्रति भेदभाव को समाप्त कर समाज में जागरूकता फैलाएं। छात्र- छात्राओं और शिक्षकों ने कुष्ठ रोग मुक्त समाज बनाने और रोगियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने की शपथ ली। बच्चों को बताया गया कि सही समय पर पहचान और उपचार से इस बीमारी को पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

## हत्या के तीन आरोपी गैंगस्टर एक्ट में बरी

**महोली, सीतापुर।** महोली के चर्चित रोहिला हत्याकांड में दो आरोपी बरी हुए हैं। मामले के तीन आरोपी सुधीर त्रिवेदी, अनुराग बाजपेई और अंकित बाजपेई इक्यावन माह बाद जेल से रिहा होंगे। बता दें कि इन्हीं आरोपियों को बीते माह हत्या के आरोप से दोषमुक्त होने के बाद अब गैंगस्टर एक्ट में भी जमानत मिल गई है। बता दें कि महोली के रोहिला गांव मं पांच नवंबर वर्ष 2021 में नाली को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें पड़ोसियों के बीच मारपीट और फायरिंग का आरोप था। बीच-बचाव करने आए विनोद अवस्थी की गोली लगने से मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे। 27 जनवरी को जिला सत्र न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना ने मुख्य आरोपी शशिकांत बाजपेई उर्फ संजू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। साक्ष्य के अभाव में सुधीर, अनुराग और अंकित को हत्या के आरोपों से पहले ही दोषमुक्त कर दिया गया था। अब गैंगस्टर एक्ट में इन्हीं तीनों को साक्ष्य के अभाव में गैंगस्टर एक्ट में जमानत मिली है।


सुहैल को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

## ओवरऑल चैंपियन रहे सुहैल, हुए सम्मानित

**लहरपुर, सीतापुर।** नगर के मोहल्ला छावनी में चल रही लहरपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में 2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंची। नगर के मोहल्ला छावनी स्थित कटहली ग्राउंड पर लहरपुर प्रीमियर लीग सीजन वन क्रिकेट टूर्नामेंट में मुनीर इलेवन व खान ग्रुप के बीच मैच हुआ। जिसमें खान ग्रुप ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। मुनीर इलेवन के बल्लेबाजों ने बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 133 रन बनाये, जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए खान ग्रुप ने 8 ओवर में मात्र 129 रन ही बना सकी और 4 रनों से उसे हार का सामना करना पड़ा। बेहतरीन बल्लेबाजी व गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच मोहम्मद हकीक को दिया गया। टूर्नामेंट में दूसरा मैच मलिक गारमेंट्स व उमर इलेवन के मध्य खेला गया टॉस जीतकर उमर इलेवन ने पहले बॉलिंग का फैसला किया। मलिक गारमेंट्स के बल्लेबाजों ने 8 ओवर में 102 रन बनाए जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी उमर इलेवन के बल्लेबाजों की शुरुआत बेहद खराब रही ओपनर बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए, टीम के बल्लेबाज चांद पहलवान ने पारी को कुछ देर संभाला लेकिन उनकी टीम 8 ओवर में मात्र 73 रन ही बना पाई। बल्ले और गेंद से कमाल दिखाने वाले खिलाड़ी सुहेल को सम्मानित किया गया।


विजयी छात्राओं को चेक देते अतिथिगण। अमृत विचार

## क्विज प्रतियोगिता में विजनेश ने मारी बाजी

**सदरपुर, सीतापुर।** ग्रीन क्लीन एजुकेटेड विलेज फाउंडेशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता 'ऊँची उड़ान के परिंदे' सातवें संस्करण के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। प्रतियोगिता में आजाद इंटर कॉलेज जाफरपुर कला के छात्र विजनेश ने सात सौ प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए प्रथम रैंक हासिल की। फाउंडेशन की ओर से विजनेश को इक्कीस हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इसी विद्यालय की छात्रा शालू देवी ने दसवीं रैंक प्राप्त कर साढ़े पांच सौ रुपये का पुरस्कार जीता। इनके अलावा रिजा बानो, अलका, अवनीश और आर्यन पटेल सहित कुल इक्कीस छात्र-छात्राओं ने टॉप-दो सौ में जगह बनाकर सांत्वना पुरस्कार जीते। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वकील खान, प्रबंधक सलीम खान और संरक्षिका मंजू मिश्रा ने विजेताओं व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया।

## सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचे लोग

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में मंगलवार को कोहरे और तेज रफ्तार के कारण तीन बड़े सड़क हादसे हुए। गनीमत रही कि इन सभी घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई और लोग बाल-बाल बच गए। पहली घटना सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर धरनाग के पास हुई। सीतापुर से लखीमपुर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। कार चालक सुदीप ने बताया कि सामने अचानक कुछ आ जाने के कारण उन्होंने नियंत्रण खो दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। दूसरी घटना लहरपुर- तंबौर मार्ग पर ग्राम गंगा दीन पुरवा के पास सुबह घने कोहरे के कारण एक टैंकर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गया। बेहटा पकौरी मिल से जवाहरपुर जा रहा यह टैंकर सीरे से लदा था।

# एएनएम व प्रधानाध्यापक पर गिरी गाज

**डीएम का निरीक्षण**

**संवाददाता कमलापुर/ सीतापुर**


विद्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी ने कसमण्डा ब्लॉक के ऊंचाखेरा कला (कम्पोजिट) उच्च प्राथमिक विद्यालय और वहां संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान लापरवाही मिलने पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए एएनएम और प्रधानाध्यापक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

डीएम डॉ. राजागणपति आर. कसमण्डा ब्लॉक के ऊंचाखेरा कला (कम्पोजिट) उच्च प्राथमिक विद्यालय अचानक पहुंच गए। निरीक्षण में आंगनबाड़ी केंद्र में वीएचएसएनडी सत्र की जांच की गई तो महिलाओं के टीकाकरण कार्ड और रजिस्टर में अनियमितता मिलीं। कमियां मिलने पर जिलाधिकारी ने एएनएम चित्रांशी श्रीवास्तव के खिलाफ तत्काल प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने का आदेश दिया। प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण में बच्चों की कम उपस्थिति और गंदगी देखकर डीएम ने नाराजगी जताई, अनुशासनहीनता और अव्यवस्था के लिए प्रधानाध्यापक को भी प्रतिकूल प्रविष्टि मिलने का सामना करना पड़ा।

जिलाधिकारी ने रसोई घर में जाकर भोजन की गुणवत्ता परखी और स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कृषि समझौते के विरोध में किया प्रदर्शन



नगर के मुख्य मार्ग पर विरोध प्रदर्शन करते किसान संगठन के सदस्य। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले बड़ी संख्या में जमा किसानों ने भारत-अमेरिका कृषि समझौते के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने लालबाग चौराहे पर प्रस्तावित समझौते की प्रतियां जलाकर अपना रोष प्रकट किया और अतिरिक्त एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि यह समझौता भारतीय कृषि व्यवस्था और खाद्य संप्रभुता के लिए बड़ा खतरा है। किसान नेता ने कहा कि भारत की लघु कृषि व्यवस्था का मुकाबला अमेरिका की भारी सब्सिडी वाली औद्योगिक प्रणाली से नहीं हो सकता। सस्ते आयातित उत्पादों से घरेलू बाजार और स्थानीय उत्पादन पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगा। इससे न्यूनतम समर्थन मूल्य और सरकारी खरीद प्रणाली पर अत्यधिक दबाव बढ़ेगा। सिख संगठन के जिलाध्यक्ष गुरपाल सिंह ने चेतावनी दी कि इस समझौते से बीज, उर्वरक और तकनीक के क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का वर्चस्व बढ़ेगा। वहीं, किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के जिला सचिव अमनदीप सिंह ने मांग की कि समझौते की शर्तों को सार्वजनिक किया जाए और जब तक किसानों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित न हो, तब तक इस पर रोक लगाई जाए और एमएसपी को तत्काल कानूनी गारंटी दी जाए।

# गैस सिलेंडर से हुआ रिसाव बुजुर्ग की जलकर मौत

**लहरपुर, सीतापुर।** लहरपुर के ग्राम भवानीपुर में देर रात खाना बनाते हुए गैस सिलेंडर में रिसाव हुआ, जिससे आग भड़क गई। आग की चपेट में आकर बुजुर्ग की जलकर मौत हो गई। लपटों में गृहस्थी का भी नुकसान हुआ है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के भवानीपुर निवासी परिवारीजनों के मुताबिक, रामनाथ (51) मजदूरी करते थे। देर रात घर में अकेले रामनाथ खाना बना रहे थे। छोटे गैस सिलेंडर में अचानक गैस रिसने लगी। जब तक रामनाथ बचाव करते, आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आकर गृहस्थी जलने लगी। इसी बीच रामनाथ भी चपेट में आ गया। आसपास के लोगों की नजर पड़ी तो चीख पुकार मच गई। किसी तरह आग को शांत किया गया। तब तक रामनाथ की मौके पर मौत हो गई। इंस्पेक्टर लहरपुर अरविंद सिंह ने बताया कि रामनाथ अकेले घर में रहते थे, इसी कारण उन्हें बचने का मौका नहीं मिल सका।

# जागृति इंटरनेशनल स्कूल में खेलकूद स्पर्धा आयोजित

**हरगांव, सीतापुर।** कस्बे के जोगीपुर स्थित जागृति इंटरनेशनल स्कूल में अंतर-विद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ताराचंद मंगलानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय परिसर छात्रों के उत्साह और खेल भावना से सराबोर नजर आया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। सौ मीटर दौड़ में प्रत्युष ने प्रथम, अंश ने द्वितीय और फरहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दस मीटर रेस में आराधना पहले, ऋचा दूसरे और दिव्यांशी तीसरे स्थान पर रहीं। रोमांचक रस्साकशी मुकाबले में बालिकाओं में राधा और बालकों में सुल्तान की टीम विजेता बनी। विद्यालय के प्रबंधक अजय मंगलानी और सह-प्रबंधक मान्या मंगलानी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रधानाचार्य आशुतोष सिंह सहित समस्त शिक्षक स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

न्यूज ब्रीफ

### फंदे पर लटकता मिला युवक का शव, हड़कंप

**लालगंज :** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे परान सिंह मजरे ऐहार गांव में संजय लोधी (22) पुत्र श्यामलाल लोधी का फांसी के फंदे पर शव लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक संजय के पिता श्यामलाल ने गांव की ही एक बालिका को लेकर चार लोगों के खिलाफ उसके पुत्र की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आत्महत्या की घटना प्रतीत होती है। घर वाले गांव के कुछ लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही बात पता चलेगी।

### कुत्ते से टकराकर बाइक सवार घायल

**महराजगंज :** बुधवार की सुबह मझिगवां निवासी अमित (30) बाइक से अपनी पत्नी दीक्षा को लेकर इलाज के लिए रायबरेली जा रहे थे। रास्ते में सोथी गांव के पास अचानक सामने कुत्ता आने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। घटना में दोनों घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस की सहायता से घायल अमित को सीएचसी पहुंचाया गया। चिकित्सक संजय राय ने बताया कि हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जबकि मामूली रूप से घायल दीक्षा को छुट्टी दे दी गई।

### जान से मारने की धमकी देने की शिकायत

**लालगंज :** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के उमरा मऊ गांव निवासी उमाशंकर निर्मल पुत्र जागेलाल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर कुछ युवकों के खिलाफ रंजिशन मारपीट, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का शिकायत की है। कोतवाली में अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई न किए जाने से पीड़ित परेशान है। उसका कहना है कि बाल्हे मऊ से घर जाते समय 9 फरवरी को रास्ते में तीन बाइको से प्रतिवादीगणों ने ओवरटेक करके उसकी गाड़ी रोक कर गोली मारने की धमकी देने व जाति सूचक गालियां देने का आरोप लगाया है। उसकी हत्या करने की धमकी भी दिए जाने का आरोप है। सूचना पर डायल 112 पुलिस के पहुंचते ही प्रतिपक्षी मौके से फरार हो गए। मामले में उमाशंकर ने मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है।

### पीड़ित ने एसडीएम से की शिकायत

**रायबरेली :** खीरों थाना क्षेत्र के सेमरी चौराहा कई महीनों चला आ रहा विवाद थम नहीं रहा है। एसडीएम की चेतावनी के बाद भी मातहत प्रभावी ढंग से कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इससे विवाद बढ़ने से एक पक्ष आशंकित है। सेमरी चौराहा निवासी अंजनी कुमार दीक्षित ने शिकायत एसडीएम से किया है। एसडीएम ने मतहतों को हदबरारी और पैमाइश कराने का भरोसा दिया है। पीड़ित अंजनी कुमार दीक्षित ने बताया कि लालगंज तहसील के सेमरी चौराहा स्थित लगभग पौने पांच बीघा जमीन की हदबरारी के लिए मुकदमा किया था, लेकिन अभी तक पैमाइश नहीं हो सकी जो कि बहुत ही विवादित स्थल है। इसके पहले इसी जमीन में ग्राम सभा लच्छीपुर के अराजकतत्वों द्वारा जबरन निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिस पर काफी विवाद हुआ था।इसके बाद भी शासन प्रशासन के द्वारा इस विवादित जमीन की हदबरारी पैमाइश नहीं करवाई गई है। आरोप है कि अभी दो दिन पहले उपजिलाधिकारी लालगंज के द्वारा यहां पर कर्मचारी भेजकर जांच करवाई, जिसमें राम मोहन व राम सरन कानूनगो और सेमरी लेखपाल मनीष व एक अन्य लेखपाल जितेन्द्र ने मौके पर पहुंचकर कर बिना नक्शा और गुनिया के किसान की जमीन को नापकर उपजिलाधिकारी को गुमराह कर गलत रिपोर्ट दी है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से मचा कोहराम

बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** खीरों थाना क्षेत्र के ग्राम भवानी खेड़ा मजरे पश्चिम गांव निवासी करन पुत्र जंगली (30) विगत दिसंबर माह में एक ठेकेदार धीरज के साथ पंजाब प्रांत में एक भट्ठे पर काम करने के सिलसिले में गया था। 9 फरवरी को देर शाम ठेकेदार धीरज के द्वारा परिजनों को युवक की आकस्मिक मौत की सूचना दी गई। बताया गया कि युवक का शव लेकर घर के लिए निकल चुके हैं। 10 फरवरी को युवक का शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

मृत युवक के शरीर में गंभीर चोटों के निशान देखे गए। जिसके चलते परिजनों को युवक के साथ किसी अनहोनी के होने की आशंका जताई गई। इस संबंध में परिजनों द्वारा स्थानीय थाना बछरावां में प्रार्थना पत्र के माध्यम से पोस्टमार्टम करवाने की मांग की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि परिजनों की मांग पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने नवनिर्मित शिक्षण कक्ष का किया लोकार्पण

राहत

- 49.74 लाख से आश्रम पद्धति विद्यालय में तीन कमरे और शौचालयों का हुआ निर्माण

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बुधवार को जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सलोन में नवनिर्मित शिक्षण कक्ष का लोकार्पण/उदघाटन किया। उन्होंने आश्रम पद्धति विद्यालय की व्यवस्था को देखा। साथ ही समाज कल्याण अधिकारी को बेहतर तरीके से संचालन करने के लिए निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सलोन का तीन अगस्त 2024 को निरीक्षण किया गया था, जिसमें कक्षा छह से कक्षा आठ तक की संचालित कक्षाओं के भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में पाया गया था। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य को कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के अन्तर्गत इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि. के सहयोग से आवासीय विद्यालय में छात्रों के लिए नवीन 03 कमरों एवं शौचालयों के निर्माण के लिए 49.74 लाख के प्रोजेक्ट को स्वीकृत कराया गया। साथ ही 11 फरवरी 2025 को भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया गया था। इस दौरान एसडीएम सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के प्रतिनिधि बीएल पाल, संजीव राय रहे।



जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सलोन में निरीक्षण करतीं डीएम हर्षिता माथुर।

### स्कूल की बालिकाएं बनेगीं सशक्त व मुखर

**डलमऊ (रायबरेली) अमृत विचार।** मीना मंच सुगमकर्ताओं का दो दिवसीय सेल्फ एस्टीम के तहत पावर एंजेल का सशक्तिकरण करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजत के निर्देशन में सुगमकर्ता उच्च प्राथमिक /कंपोजिट और कस्तूरबा विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं को सशक्त और मुखर बनाने के लिए जागरूक कर सकेंगी। खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने समस्त सुगमकर्ताओं को उनके विद्यालय में ग्रामीण परिवेश से आने वाली समस्त बालिकाओं को मीना मंच के माध्यम से सहज और निडर बनाने के लिए प्रेरित किया। बालिका शिक्षा रिसोर्स पर्सन प्रभारी मीना मंच एसएस पांडे ने बताया कि राज्य परियोजना द्वारा निर्देशित प्रत्येक शनिवार को समस्त उच्च प्राथमिक/ कंपोजिट एवं कस्तूरबा विद्यालयों में मीना मंच की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक नोडल रश्मि श्रीवास्तव और प्रतिभागियों ने मीना मंच को क्रियाशील और रोचक बनाए रखने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रतिभागी और मास्टर ट्रेनरों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए।

# एमबीबीएस के 48 व पीजी के 25 छात्रों को मिली उपाधि

## एम्स में आयोजित दीक्षांत समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव और संयुक्त सचिव ने किया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज में दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया। चिकित्सा के क्षेत्र में एम्स ने गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में पहला कदम रखा। एमबीबीएस में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र डॉ. हर्ष कुशवाहा को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। वहीं एमबीबीएस के कुल 48 और पीजी के कुल 25 छात्रों ने उपाधियां प्राप्त की। इस दौरान पूरे एम्स परिसर में जश्न का माहौल रहा।

इससे पहले मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव अंकिता मिश्रा बुंदेला और निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन, डीन प्रो. डॉ. नीरज कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने 2019-20 में एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाले प्रथम बैच के छात्र छात्राओं को उपाधि और पदक प्रदान किए। जनवरी 2023 बैच के पीजी रेजीडेंट डॉक्टरों को भी उपाधि एवं पदक प्रदान किए। आयोजित समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने अस्पताल मे चार सुविधाओं का शुभारंभ किया गया। इनमें पीएसीएस एवं फॉरेंसिक रेडियोलॉजी सुविधा, वीडियो-यूरोडायनामिक्स सुविधा और इंडोस्कोपी की सुविधा शामिल है। पीएसीएस एवं फॉरेंसिक रेडियोलॉजी सुविधा के शुरू होने से एक्स-रे, सीटी-स्कैन और एमआरआई की रिपोर्ट प्राप्त करने में तेजी आएगी। साथ ही डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना और उसे सभी विभागों को सुलभ कराना आसान होगा। मेडिको-लीगल केसेस में उन्नत फॉरेंसिक रिपोर्ट तैयार करना संभव होगा। बाल-रोग सर्जरी विभाग में वीडियो-यूरोडायनामिक्स सुविधा शुरू होने से बच्चों के पेशाब संबंधी समस्याओं का सटीक निदान करने में, खतरनाक गॉल-ब्लाडर दबाव का पता लगाने और स्पाइनल बीफिडा व तंत्रिका संबंधी समस्या से ग्रस्त बच्चों के इलाज में सुविधा होगी। इस दौरान अतिथियों द्वारा संस्थान के कॉफी टेबल बुक का अनावरण किया गया। साथ ही संस्थान वृत्तचित्र का भी प्रदर्शन किया गया। साथ ही सभी उत्तीर्ण छात्रों को बधाई देते हुए चरक शपथ दिलाई।

इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. आरवी रमणी, डीन (अकादमिक) प्रो.डॉ. नीरज कुमारी, डीन (परीक्षा) प्रो. प्रगति गर्ग, डीन (अनुसंधान) प्रो. अर्चना वर्मा, उप-निदेशक कर्नल अखिलेश सिंह, वित्तीय सलाहकार कर्नल उपेन्द्र नाथ राय, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. भोलानाथ, डॉ. सुनीता सिंह, प्रशासनिक अधिकारी कुंवर बाल योगेश्वर सिंह, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा आदि लोग मौजूद रहे।



दीक्षांत समारोह में एमबीबीएस छात्रा को उपाधि देतीं मुख्य अतिथि। अमृत विचार



समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### ई-रिक्शा से बैट्री चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद

**महराजगंज (रायबरेली)।** कस्बे से सटे सुखई का पुरवा निवासी दुकानदार शैलेन्द्र साहू ने ई-रिक्शा से बैट्री चोरी होने की शिकायत पुलिस से की है। उसने बताया कि देर रात किराना स्टोर पहुंचे चोरों ने दुकान के बाहर खड़े ई-रिक्शा से दो बैट्री खोलकर पार कर दी। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। बैट्री खोले जाने की पूरी घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें दो व्यक्ति ई-रिक्शा के पास बैट्री खोलते नजर आ रहे हैं। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छानबीन की जा रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए गिरिजेश चयनित

**बछरावां (रायबरेली)।** स्थानीय कस्बे में स्थित शिक्षा का केंद्र बिंदु एवं क्षेत्र के गांधी मुंशी चंद्रिका प्रसाद की कर्मभूमि श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में तैनात अंग्रेजी भाषा के अध्यापक गिरिजेश कुमार मल्ल को राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के माध्यम से दिया जाएगा। श्री मल्ल की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।



गिरिजेश कुमार।

### बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना कर्तव्य

**छतोह (रायबरेली), अमृत विचार।** शिक्षा विभाग के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय आउट ऑफ स्कूल (विद्यालय से बाहर) बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से ब्लाक संसाधन केंद्र में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों को पुन: शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना समाज और शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आउट ऑफ स्कूल प्रशिक्षण पर कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के गणित (जोड़, घटाना, गुणा, भाग) पर्यावरण (जैविक घटक, अजैविक घटक, जीव जगत) और संस्कृत विषयों के विभिन्न बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। संदर्भदाताओं द्वारा विधिवत चर्चा करने के साथ उन पर समझ विकसित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने शिक्षकों को इस प्रशिक्षण की उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि इन तीन दिनों में प्राप्त प्रशिक्षण को अक्षरश: लागू करते हुए साथ ही व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण को प्रभावी बनाया गया। 'आउट ऑफ स्कूल' के तहत नामांकित बच्चों को उपचारात्मक शिक्षण के माध्यम से मुख्यधारा से शत-प्रतिशत जोड़ने का आप सभी को प्रयास करना है। कार्यक्रम में संदर्भदाता के रूप में शिवेंद्र श्रीवास्तव , रमेश कुमार शुक्ल, रवि सिंह, शिवकुमार निर्मल के साथ-साथ गिरजेश सिंह, नितिन पांडे, निर्मला सिह, गुलाम मोहम्मद, नसीम अहमद, रोहित मिश्रा, बलदेव कुमार आदि उपस्थित रहे।



आउट ऑफ स्कूल कार्यशाला में मौजूद लोग।

# सर्विस लेन पर ट्रक बिगड़ने से घंटों बाधित रहा आवागमन



ट्रक के खराब होने से वाहनों का लगा जाम। अमृत विचार

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के कैर नैया नाला पुल के पास बने सर्विस लेन पर एक डस्ट लदा ट्रक गुरुवार सुबह करीब दस बजे खराब हो गया। जिससे महराजगंज से इन्हौना मुख्य मार्ग पर आवागमन कई घंटों बाधित रहा। पुल के दोनों ओर करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा।

महराजगंज की ओर से डस्ट लाद कर आ रहा एक ट्रक सर्विस लेन के बीचों बीच खराब हो गया। ट्रक के पहिए की बेयरिंग टूट गई। जिससे गाड़ी एक स्थान पर जाम हो गई। ट्रक खराब होने के बाद पुल के दोनों ओर जाम लग गया। इधर से आने-जाने वाले स्कूल वाहनों के अलावा सरकारी वाहन भी जाम में फंस गए। कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह लोगों ने अपनी छोटी गाड़ियों को जाम से बाहर निकाल कर दूसरे रास्ते से कई किलोमीटर की दूरी तय कर अपने मंजिल तक पहुंचने की कवायद करते देखे गए। करीब एक साल से पुराने पुल को तोड़ कर नए सिरे से चौड़े पुल निर्माण चल रहा है। मार्च 2025 से शुरू हुआ पुल निर्माण अब तक पूरा नहीं हो सका। जून 2025 में भी नैया में अधिक पानी आ जाने से सर्विस लेन ध्वस्त हो गई । जिससे करीब दो महीने तक इस मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। बाद में देर शाम पहुंचे पुलिस कर्मियों ने दोनों तरफ से आने वाले वाहनों को व्यवस्थित कर आवागमन बहाल कराया।

### ट्रैक्टर ट्रॉली में बाइक टकराई, चार लोग घायल

**महराजगंज (रायबरेली)।** शादी समारोह में शामिल होने एक ही बाइक से जा रहे चार लोग गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गए। घटना में चार लोग घायल हो गए। इसमें मां-बेटे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बुधवार शाम करीब आठ बजे मिल एरिया थाना क्षेत्र के कचौंदा नानकारी निवासी आनंदकुमार अपनी पत्नी प्रेमा कुमारी, बेटे दीपक व शिवा को लेकर महराजगंज के आगे किसी शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। सोथी गांव के पास खड़ी गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में उनकी बाइक की टक्कर हो गई। घटना में चारों लोग घायल हो गए। लोगों ने सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्रेमा कुमारी व दीपक कुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

**पिकअप से टकराई बाइक, दो घायल, बछरावां:** लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार उस समय हादसे का शिकार हो गए, जब वह आगे चल रहे पिकअप से टकरा गए। घायल बाइक सवार मनीष पुत्र महेश कुमार और अरुण पुत्र बाबूलाल निवासीगण दुन्दपुर अपनी बाइक से कहीं निमंत्रण में जा रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए। मौके पर मौजूद एनएचएआई की एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया है।

# वाहन स्वामी से टोल कर्मियों ने की धक्का-मुक्की, वीडियो वायरल

बछरावां (रायबरेली)

- पीड़ित ने अपना वीडियो बयान सोशल मीडिया पर वायरल कर टोल कर्मचारियों पर लगाए आरोप

**अमृत विचार।** टोल प्लाजा पर कर्मचारियों का वाहन स्वामियों से अभद्रता और मारपीट का मामला थम नहीं रहा है। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वाहन स्वामी ने टोल कर्मियों पर अभद्रता और धक्कामुक्की तक करने का आरोप लगाया है। वीडियो वायरल होने के बाद कर्मचारियों में हड़कंप है।

मंगलवार देर रात एक पीड़ित व्यक्ति ने अपना वीडियो बयान सोशल मीडिया पर वायरल कर क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित दखिना टोल प्लाजा के टोल कर्मचारियों पर दादागिरी एवं स्वयं के साथ की गई अभद्रता के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वायरल वीडियो में पीड़ित के द्वारा यह बताया गया कि वह मंगलवार की सुबह लखनऊ अपने निजी वाहन से जा रहा था। उसके वाहन में फास्टटैग भी लगा हुआ था और उसका महीने का एवं वार्षिक पास भी बना हुआ है। उसने उक्त टोल प्लाजा पर टोल टैक्स का भुगतान किया, लेकिन उसके पश्चात वहां पर मौजूद टोल कर्मचारियों के द्वारा उसके वाहन के आगे का शीशा दबंगई करते हुए तोड़ दिया गया, जब उसने इसका विरोध किया तो टोल कर्मचारी उसके साथ अभद्रता एवं मारपीट करने पर उतर आए। उक्त घटना से आहत होने के पश्चात तत्काल पीड़ित व्यक्ति के द्वारा डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने समझौता कराते हुए टोल कर्मचारियों से पीड़ित को 1500 रुपये दिलाए, लेकिन पीड़ित के द्वारा वायरल वीडियो में यह बताया गया कि टोल कर्मचारियों की दादागीरी एवं दबंगई की वजह से मेरा नुकसान हुआ है। उन्होंने मेरे साथ अभद्रता भी की है। 1500 रुपये में नहीं बल्कि 4500 रुपये में मेरी गाड़ी का शीशा लगा है। पीड़ित के द्वारा वीडियो वायरल कर यह भी जानकारी दी गई है कि उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग से यात्रा करने वाले राहगीर सावधान रहे, क्योंकि उक्त टोल प्लाजा के कर्मचारियों की दादागिरी एवं दबंगई पूर्ण रूप से कायम है। पीड़ित का वीडियो वायरल होने के पश्चात हड़कंप मचा हुआ है और लोग टोल कर्मचारियों की दादागिरी एवं कार्यशैली को लेकर चर्चाएं कर रहे हैं।

### कांग्रेसियों ने मृतकों के परिजनों को बंधाया ढांढस

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** रविवार की देर रात बछरावां से मित्र की बारात से घर लौट रहे बाइक सवार तीन युवकों को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया था। हादसे में जगन्नाथपुर मजरे सूरजपुर गांव निवासी शिवशंकर रावत की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि बैंती बाजार निवासी रोहित साहू ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ से एम्स रायबरेली ले जाते समय दम तोड़ दिया था। वहीं बैंती बाजार के ही पप्पू त्यागी गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। इसकी सूचनाम लने पर मंगलवार को जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि केतार पासी, पूर्व प्रधान रामकिशोर मौर्य, अनिल कुमार रावत, कांग्रेस के जिला सचिव एवं शिवगढ़ ब्लॉक प्रभारी पल्टू पासी, शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश यादव, वीरेंद्र दीक्षित, राजेंद्र मिश्रा, ब्लॉक महासचिव प्रेम गुप्ता व राजेंद्र कुमार ने मृतकों के परिजनों से मिलकर संवेदना जताई और हर संभव मदद का भरोसा दिया।



परिजनों को ढांढस बंधाते कांग्रेस के पदाधिकारी।

### हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित



"हमारा आंगन हमारे बच्चे" कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

**सरेनी (रायबरेली)।** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बुधवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 5 से 8 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान को सुदृढ़ करना और आंगनबाड़ी एवं विद्यालय के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करना रहा। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार यादव एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय सिंह रहे। इस दौरान आयोजित टीएलएम प्रदर्शनी का अतिथियों ने अवलोकन कर शिक्षकों के नवाचारी प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर प्रकाश द्विवेदी, नवनीत शुक्ल, आनंद प्रकाश तिवारी, यज्ञ दत्त शुक्ल, सचिन, सूरज, सुरेंद्र, अभिषेक, आशीष राज, मुकेश, अमित, सूर्य प्रकाश, रमाकांत, बालकृष्ण तिवारी, दीपिका शुक्ला, कीर्ति, विभा, पूनम, अंशू, गीता आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का संचालन बीईओ वीरेंद्र नाथ द्विवेदी ने किया।

आक्रोश

शिक्षकों की सेवाओं पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से उत्पन्न संकट के विरोध में जताई नाराजगी

# टीईटी को लेकर शिक्षकों ने केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री का फूंका पुतला

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी के टीईटी को लेकर दिए गए बयान से शिक्षकों में जबरदस्त आक्रोश है। विकास भवन में शिक्षकों ने पुतला जलाकर गहरी नाराजगी जताई है। साथ ही संसद द्वारा वर्ष 1993 में पारित एनसीटीई अधिनियम के अंतर्गत देशभर में भर्ती एवं कार्यरत लगभग 20 लाख शिक्षकों की सेवाओं पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से उत्पन्न संकट से शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि छह माह बीत जाने के बाद भी भारत सरकार द्वारा कोई ठोस समाधान न निकालना शिक्षकों के साथ अन्याय है। 20 लाख शिक्षक और उनके परिवार असुरक्षा में जी रहे हैं, लेकिन सरकार मौन है। जिला मंत्री मुकेश द्विवेदी ने कहा कि संसद में केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी द्वारा दिया गया जवाब शिक्षकों की भावनाओं को आहत करने वाला है। जिला संघर्ष समिति अध्यक्ष पंकज द्विवेदी ने कहा कि देशभर में शिक्षक लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहे हैं, लेकिन पुलिस के माध्यम से दमन करना पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। यह रवैया शिक्षक समाज को अस्वीकार है और संघर्ष तेज किया जाएगा।

संयुक्त मंत्री डॉ. चंद्र मणि बाजपेई ने कहा कि विद्यालय में नजरबंद करना न केवल मौलिक अधिकारों का हनन है, बल्कि पूरे शिक्षक समाज का अपमान है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, लेखाकार गंगा चरण भारती, जनपदीय उपाध्यक्ष जटाशंकर बाजपेयी, बृजकिशोर, अनुराग शुक्ल, उमेश त्रिवेदी, राम जी सरोज, आकाश त्रिपाठी ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सरेनी अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, अरविंद द्विवेदी, दिनेश सिंह, कमलेश ओझा, राजेश पाण्डेय, विनोद अवस्थी, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।



केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री का पुतला जलाते शिक्षक। अमृत विचार

### बढ़ती दुर्घटनाओं से कांग्रेसियों में आक्रोश

**शिवगढ़ (रायबरेली) अमृत विचार।** बांदा-बहराइच राजमार्ग पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ा रोष जताया है। जिला सचिव एडवोकेट गौरव मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एडीओ समाज कल्याण अधिकारी स्वप्निल सिंह को सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया कि तीन दिनों में बछरावां से हैदरगढ़ के मध्य हुए भीषण सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 14 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में बैंती निवासी रोहित साहू, जगन्नाथपुर मजरे सूरजपुर निवासी शिव शंकर रावत और केसरखेड़ा निवासी डेढ़ वर्षीय वेदांश शामिल हैं। कांग्रेसियों ने हाईवे की पटरियों की भराई, रिफ्लेक्टर व ड्रम स्थापना, नगर पंचायत क्षेत्र में समुचित विद्युतीकरण तथा जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की है। कांग्रेसियों का कहना है कि अज्ञात वाहनों से होने वाले हादसों को पुलिस ठण्डे बस्ते में डाल देती है, जिससे पीड़ित परिवारों को मुआवजा नहीं मिल पाता। ज्ञापन देने वालों में विवेकानन्द चौरसिया, गिरिजेश श्रीवास्तव, रामकिशोर मौर्य, अशोक यादव, राजकुमार चौधरी, संतोष वर्मा, बृजेंद्र द्विवेदी, राम शंकर आदि लोगों उपस्थित रहे।



एडीओ को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस पदाधिकारी।

### पूर्व प्रधान लिपिक का निधन, शोक

**सरेनी (रायबरेली) :** पूर्व प्रधान रसूलपुर शिवकुमार तिवारी उर्फ शिव दादा एवं उप प्रबंधक इंटर कॉलेज मुरारमऊ शशिकांत तिवारी के चाचा प्रधान लिपिक श्री भगवती विद्यालय इंटर कॉलेज मुरार मऊ, सहदेव प्रसाद तिवारी के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका गेगासो गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर दीपक तिवारी, आशा शुक्ला, कमलाकांत तिवारी, रमाकांत तिवारी, प्रकाश तिवारी, सूरज तिवारी, आकाश तिवारी, अनूप पांडे, सूर्यकुमार पांडेय, राम प्रकाश दीक्षित, अतुल त्रिवेदी, डॉ. अभिषेक त्रिवेदी, अर्पित त्रिवेदी, अवधेश शुक्ला, हरिनाथ द्विवेदी, उमेश तिवारी, महेश तिवारी आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया।



सहदेव प्रसाद तिवारी की फाइल फोटो।

न्यूज ब्रीफ

### मोबाइल चोरी के बाद खाते से एक लाख रुपये पार

**शुकुल बाजार (अमेठी) :** क्षेत्र में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है। पूरे बडगाइन गांव के रहने वाले राजेंद्र ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि मोबाइल चोरी होने के बाद उनके बैंक खाते से एक लाख रुपये निकाल लिए गए। राजेंद्र के मुताबिक 21 जनवरी को वह कस्बे के रामलीला मैदान में लगने वाली साप्ताहिक सब्जी मंडी में खरीदारी करने गए थे। इसी दौरान उनका मोबाइल फोन चोरी हो गया। काफी तलाश के बाद भी फोन नहीं मिला, जिसके बाद उन्होंने अपनी सिम कार्ड को बंद करवा दिया। घटना के कई दिनों बाद 9 फरवरी को जब वह बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में एक लाख रुपये का चेक लेकर पैसे निकालने पहुंचे, तब उन्हें पता चला कि उनके खाते से पहले ही रकम निकल चुकी है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दे दी है

### मधुमक्खियां के हमले से कई लोग घायल

**तिलोई (अमेठी) :** तहसील तिलोई परिसर में लेखपाल भवन के पास काफी दिनों से मधुमक्खियां का छत्ता लगा हुआ था जो अचानक गिर गया। छत्ता गिरने से मधुमक्खियां का झुंड उग्र हो गया और तहसील परिसर में मौजूद कई लोगों पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। सभी ने भाग कर अपनी जान बचाई। वहीं कुछ फरियादियों का पीछा किया। तहसील में आए वादकारी गया बक्स और उनके पुत्र विकास निवासी सराय को मधुमक्खियां ने हमला कर घायल कर दिया। इन दोनों को तहसील प्रशासन ने कंबल दिया और कंबल ओढ़कर गेट के पास बैठ गए, जिससे उनकी जान बची उसके बाद दर्जनों लोगों को मधुमक्खियां ने निशाना बनाया। घंटों बाद पिता व पुत्र दोनों ने प्राइवेट दवाखाना जाकर इलाज कराया और घर चले गए।

### एएनएम को फोन पर दबंग ने दी जान से मारने की धमकी

**शुकुल बाजार (अमेठी) :** क्षेत्र में तैनात एक एएनएम को घर पर प्रसव कराने से इनकार करना भारी पड़ गया। अस्पताल में प्रसव कराने की सलाह देने पर एक युवक ने फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दे दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फुंदनपुर में तैनात एएनएम अनीता के अनुसार, 5 फरवरी की शाम उनके मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने प्रसूता का घर पर प्रसव कराने के लिए उन्हें बुलाया। एएनएम ने शासन की गाइडलाइन का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि प्रसव अस्पताल में ही कराया जाना अनिवार्य है और प्रसूता को स्वास्थ्य केंद्र लाने की सलाह दी। बताया जा रहा है कि इस बात से नाराज युवक ने फोन पर गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने अपना नाम ताज मोहम्मद और पता जोदिलमऊ बताया। घटना के बाद एएनएम ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है। संबंधित मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाकर जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शिकायतों का करें त्वरित निस्तारण

## अयोध्या मंडल के मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट और तहसील तिलोई के निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

संवाददाता, तिलोई (अमेठी)



तिलोई तहसील का निरीक्षण करते मंडलायुक्त व मौजूद अधिकारी। अमृत विचार



निरीक्षण करते एडीओ पंचायत साधू सरन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अयोध्या मंडल के मंडलायुक्त राजेश कुमार ने अमेठी जनपद के कलेक्ट्रेट और तहसील तिलोई का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अजय कुमार सैनी, जिलाधिकारी संजय चौहान, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी वीर भानु सिंह और एडीएम न्यायिक अनिल चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट पहुंचकर मंडलायुक्त ने नजारत अनुभाग, वेतन व विविध लिपिक कक्ष, राजस्व सहायक कक्ष और ई-गवर्नेंस सेल का निरीक्षण किया।

उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव, लंबित पत्रावलियों, सेवा पुस्तिकाओं, मानव सम्पदा पोर्टल पर संपत्ति विवरण, शिकायतों और रिट प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि किसी भी पत्रावली को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और सभी मामलों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कार्यालय परिसर में पेयजल, वाटर कूलर, शौचालय, प्रतीक्षालय और साफ-सफाई की व्यवस्था भी जांची और इन्हें हर समय सुचारु रखने के निर्देश दिए।इसके बाद तहसील तिलोई में उपजिलाधिकारी और तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण कर लंबित वादों की समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने अभिलेखागार में सीलन रोकने, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि पारदर्शी, समयबद्ध और जनहितकारी प्रशासन ही शासन की प्राथमिकता है।

**एडीओ ने किया आरआरसी सेंटर का किया निरीक्षण, मुसाफिरखाना :** क्षेत्र के गुन्नौर सहित अन्य ग्राम पंचायत के सामुदायिक शौचालय केंद्र एवं आर आर सी सेंटर का निरीक्षण एडीओ पंचायत साधू सरन ने किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मियों को साफ सफाई के साथ-साथ अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीणांचलों में स्वच्छता को लेकर कूड़ा करकट के निस्तारण हेतु आर आर सी सेंटर का निर्माण कराया गया है मंगलवार को एडीओ पंचायत साधूसरन ने गुन्नौर सहित अन्य ग्राम पंचायतों के आर आर सी सेंटर व सामुदायिक शौचालय केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीणों को अपने घरों के आसपास सहित अन्य स्थानों पर स्वच्छता के दृष्टिकोण साफ सफाई रखने के लिए जागरूक करें एवं कूड़ा करकट आर आर सी सेंटर के कूड़ा दान में डालें एडीओ पंचायत ने संबंधित कर्मियों को सामुदायिक शौचालय केंद्र पर साफ सफाई रखने के साथ-साथ अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि सुजल सिंह सचिव चंद्र सिंह ततवाल केयरटेकर रामेश्वरी सफाई कर्मी मनीराम सहित अन्य विकास कर्मी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से पैदल जा रही अधेड़ महिला की मौत

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना संग्रामपुर क्षेत्र के अमेठी-प्रतापगढ़ मार्ग पर सहजीपुर के पास बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 55 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, सहजीपुर निवासी शिवकुमारी (55) पत्नी स्व. राम मूरत यादव गांव में आयोजित एक विशाल भंडारे में पैदल जा रही थीं। इसी दौरान प्रतापगढ़ की ओर जा रही एक ब्रेजा कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि शिवकुमारी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।हादसे में कार सवार गुलफाम (67) पुत्र मोहम्मद रफी निवासी अचलपुर कादीपुर, प्रतापगढ़ भी घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना संग्रामपुर प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है कि महिला के पति राम मूरत पाल का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में अब एक पुत्र और एक पुत्री हैं। पुत्र रोहित पाल रोजी-रोटी की तलाश में एक दिन पहले ही चंडीगढ़ गया है, जबकि घर पर केवल बेटी पूजा मौजूद है। परिवार सहजीपुर रेलवे स्टेशन के पास किराए के मकान में रहता है।

## पं. दीनदयाल की मनाई गई पुण्यतिथि

संवाददाता, अमेठी

आयोजन



श्रद्धांजलि देते भाजपा नेता।

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, गौरीगंज में जनसंघ के संस्थापक और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। सभी पदाधिकारियों ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा ज़िलाध्यक्ष सुधांशू शुक्ला ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, सादगी, त्याग और समर्पण का जीवंत उदाहरण था। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंडित उपाध्याय का एकात्म मानववाद का सिद्धांत समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने की प्रेरणा देता है। सुधांशू शुक्ला ने आगे कहा कि पंडित जी के विचार आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक का कार्य करते हैं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पार्टी प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, संतोष द्विवेदी, चंद्रकेश यादव, मंडल अध्यक्ष संग्रामपुर राजेश शुक्ला, माधव द्विवेदी, आनंद यादव सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करते रहने के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पंडित उपाध्याय के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला तथा उनके योगदान को याद किया।

## गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

संवाददाता, अमेठी



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु व महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के भेंटुआ ब्लॉक अंतर्गत हीरापुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे गांव में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। सिर पर कलश धारण किए महिलाएं भक्ति गीतों पर झूमती रहीं, वहीं पुरुष श्रद्धालु हरि नाम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान करते रहे। गाजे-बाजे और पुष्पवर्षा के बीच यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कथा के मुख्य आयोजक जगदंबा शुक्ला, उर्मिला शुक्ला, शिव शंकर शुक्ला एवं शिवकुमार शुक्ला ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को सफल बनाने का संकल्प दोहराया। कथा वाचक पंडित राजीव कृष्ण शास्त्री जी महाराज भी कलश यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर जगन्नाथ पाण्डे जिला पंचायत सदस्य वार्ड 33, अमरनाथ तिवारी, रमाकांत तिवारी, इंद्रभान पांडे, संजय मिश्रा संतराम तिवारी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग रहे।

## बजट पर व्यापारी और किसान वर्ग की मिलीजुली प्रतिक्रिया

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के बजट को लेकर देश भर में जहां तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं, वहीं अमेठी और अलीगढ़ जैसे क्षेत्रों से व्यापारी और किसान वर्ग की मिलीजुली राय सामने आई है। जहां कुछ प्रावधानों की सराहना की जा रही है, वहीं जमीनी स्तर पर उनके कार्यान्वयन और कुछ विशिष्ट मुद्दों को लेकर चिंताएं भी व्यक्त की जा रही हैं।

जारी बजट में जहां किसानों ने कुछ कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे के विकास की सराहना की जा रही है, वहीं किसानों को खाद की कमी जैसी महत्वपूर्ण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं की उम्मीदें बुनियादी सुविधाओं में सुधार और आर्थिक सशक्तिकरण पर केंद्रित हैं। वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट दुर्गेश के अनुसार, यह बजट कल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित है, जिसमें पेंशन राशि में वृद्धि और बुनियादी ढांचे के लिए आवंटन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। वहीं पूर्व बैंक प्रबंधक सतीश माहेश्वरी ने विकास निधि में वृद्धि को जिले में नए निवेश के द्वार खोलने वाला बताया है।

## सफलता के शिखर पर ले जाएगी सकारात्मक सोच

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में 12वीं के विद्यार्थियों को शुभकामनाओं के साथ समारोह पूर्वक विदाई दी गई। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विद्यालय के निदेशक रंजन सिंह एवं प्रिंसिपल समीना अख्तर ने शुभारंभ किया। निदेशक ने कहा कि अनुशासन और सकारात्मक सोच ही आपको सफलता के शिखर तक ले जाएगी। प्रिंसिपल ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय में सीखे गए नैतिक मूल्य और संस्कार ही छात्रों के जीवन की सही दिशा तय करेंगे। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए समूह नृत्य, फनी डांस, जुगलबंदी जैसी मनमोहक प्रस्तुति दी। हर्षित शुक्ल को 'मिस्टर परफेक्ट' और श्रेया शर्मा को 'मिस परफेक्ट' के खिताब से नवाजा गया। उज्ज्वल सिंह, श्रुति मिश्रा, सुब्रा सोमवंशी, हर्षित यादव, दिवाकर शर्मा, अनन्या सिंह को भी खिताब दिया गया। संचालन तृषा, आनंदी गुप्ता ने किया। इस दौरान प्रकाश चंद्र त्रिपाठी, अखिलेश मिश्र, अविनाश सिंह, सुधा सिंह, प्रभाकर त्रिपाठी, आनंद सिंह, प्रीति वर्मा, मो .जफर, नौशाद खान, निखिल विश्वकर्मा सर्वेश सिंह, ऋतुराज श्रीवास्तव, तरुण शुक्ल आदि मौजूद रहे।



विदाई समारोह में सम्मानित बारहवीं के विद्यार्थी।

## धरमपुर में भ्रष्टाचार की जांच करने पहुंचे तहसीलदार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** विकास खंड मानधाता के ग्राम पंचायत धरमपुर में बिना कार्य के फर्जी भुगतान और भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच करने तहसीलदार सदर अनिल कुमार बुधवार को मौके पर पहुंचे। उन्होंने शिकायतकर्ता मुख्तार अहमद, लैलतुन निशा, मोहम्मद अकील, ग्राम प्रधान सादिक अली और ग्रामीणों की मौजूदगी में नाली, दिव्यांग शौचालय, सामुदायिक शौचालय, खड़ंजा मरम्मत, हैंडपंप रिबोर का स्थलीय निरीक्षण किया। जांच के दौरान मौके पर ग्राम विकास अधिकारी चंद्र प्रताप पटेल मौजूद नहीं मिले। मौके पर नई नाली रामराज के स्थान पर मुन्ना यादव के घर के पास अधूरी मिली, सामुदायिक शौचालय में पानी की एक टंकी नहीं थी और बंद मिला। ऐसे कार्य मौके पर अधूरे और फर्जी पाये गए। हाफिज जैनुलाब्दीन, अफसार अहमद, साबित अली, अमृतलाल, रामराज यादव, समरजीत यादव, राम कुमार, मो .इरशाद, मो . नजीब आदि ने जांच अधिकारी तहसीलदार सदर से भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान राजस्व निरीक्षक अशोक दुबे, लेखपाल लल्लू राम समेत कर्मचारी मौजूद रहे।



जांच करते तहसीलदार अनिल कुमार।

## जूनियर छात्रों ने दी सीनियर छात्रों को विदाई

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार :** क्षेत्र के महेशपुर स्थित संत पथिक इंटर कॉलेज में बुधवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ जिसमें जूनियर छात्र-छात्राओं ने सीनियर छात्र-छात्राओं को विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान इतने भावुकता पूर्ण क्षण आये कि शिक्षिकाओं से लेकर सभी बच्चों की आँखों में आँसू आ गये। कार्यक्रम की शुरुवात विद्यालय के प्रबंधक शिवकांत त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती की पूजा के साथ हुई। छात्राओं ने नृत्य और गीत प्रस्तुत किये इसके बाद कक्षा 12 की छात्राओं ने अपनी जूनियर छात्र छात्राओं से जाने अनजाने में हुई गलतियों के लिए माफ़ी मांगी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रतिष्ठित सोनी के साथ व्यवस्थापक श्रीकांत त्रिपाठी "बब्बन", अंकुर शुक्ला, गोपी बाजपेई, जीत बहादुर, सरिता, शिवानी, गरिमा, रोली, माधुरी, नजमीन, रहमत जहां, आदि लोग मौजूद रहे ।



फेयरवेल पार्टी में मौजूद लोग व छात्र।

## छात्र - छात्राओं ने बनाए मॉडल

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पीबीपीजी कॉलेज सिटी के प्राणि विज्ञान विभाग में बुधवार को क्रिया विधि का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो .अमित कुमार श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शारीरिक क्रिया विज्ञान के बारे में विस्तार से बताया। छात्र - छात्राओं ने शारीरिक क्रिया विज्ञान एवं चिकित्सा से जुड़े विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किये। रत्ना सिंह, खुशी सिंह, निशि गुप्ता, शिवांगी रावत, सुनैना सिंह, रश्मि यादव, नैना सोनाक्षी यादव, नेहा सिंह के मॉडल सराहे गए। कुल 98 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान डॉ. वर्षा जायसवाल, अजय कुमार मिश्र, आलोक कुमार सिंह, प्राची भट्ट, दीपक कुमार, धीरेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



पीबीपीजी कॉलेज में मॉडल के साथ छात्राएं।

## ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मिलेगा मौका: राकेश

सतांव (रायबरेली)

- पं. दीनदयाल उपाध्याय अंतरप्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन- 5 का शुभारंभ



किशन तिवारी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान करते उमेश प्रताप सिंह।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठनकर्ता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य स्मृति में सतांव के पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह द्वारा आयोजित की जाने वाली पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्तर्प्रान्तीय क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-5 का बुधवार को मुख्य अतिथि शिवगढ़ के राजा राकेश प्रताप सिंह ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों मे दबी-छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने में ऐसी प्रतियोगिताएं ही माध्यम बनती हैं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच किशुनखेड़ा, उन्नाव व अमेठी की टीमों के मध्य निर्धारित 15-15 ओवरों का खेला गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अमेठी की टीम ने किशन तिवारी की 53 गेंदों में 130 रनों की विस्फोटक पारी की मदद से 218 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 219 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी किशुनखेड़ा उन्नाव की टीम किशन तिवारी, युवी कैफ और तालिब अब्बास की तीखी गेंदबाजी के आगे 11.4 ओवरों में 115 रनों के स्कोर पर ही ढ़ेर हो गई। 130 रन और 4 विकेट लेने पर किशन तिवारी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।

मैच आरम्भ होने के पूर्व मुख्य अतिथि राजा राकेश प्रताप सिंह का प्रतियोगिता के आयोजक पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह और उनकी आयोजक कमेटी के सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह, भोलेन्द्र सिंह, मनोज शर्मा (लाले), रामू सिंह, आशीष सिंह, डॉ अमरेन्द्र व राका उपस्थित रहे। गौरतलब है कि आयोजक उमेश प्रताप सिंह ने विगत वर्ष राजस्थान के दौसा जिले में हुई सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए अपने प्रिय मित्र राकेश सिंह और सुशील सिंह की यादों को जीवन्त रखने के लिए "स्वर्गीय राकेश सिंह व सुशील सिंह स्मारक' ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन कराना सुनिश्चित किया है, जिसका पहला मैच बृहस्पतिवार की सुबह क्षेत्रीय टीमों बरदर व पासीटूसी के मध्य खेला जायेगा।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी गई श्रद्धांजलि

**लालगंज।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि पर देशभर में लोगों के द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा नेता अनूप पांडे ने कहा कि उनके विचार देश की हर पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं। यहां भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, सभासद कैलाश वाजपेई, मनोज अवस्थी, रविनंदन रहे।


पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना : ओटी-18-2025**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर / निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं०:-** ओटी-18-2025, **कार्य का विवरण:-** कुसुम्ही-गोरखपुर- डोमिनगढ़ तीसरी लाइन और गोरखपुर- नकहा दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत गोरखपुर में 25 केवी, 50 हट्र्ज, सिंगल फेज, एसी नए स्विचिंग पोस्ट (एसएसपी) का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य। **अनुमानित लागत:-** रु. 1,48,35,483.35, **बयाना राशि:-** रु. 2,24,200.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** - रु निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** - 06 माह, **निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय:** 05.03.2026 को 15.00 बजे।, **नोट:** • इस निविदा के विरुद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें।, • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगें।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर / निर्माण, गोरखपुर

मुजाधि / विद्युत-277

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें



कार्यालय अधीक्षण अभियंता

30वाँ (वि०/यां०)वृत्त

लो०नि०वि०,लखनऊ ।

पत्रांक:-282 /67 सी0बी0-30/2026 दिनॉक:-05/02/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ०प्र०की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र दिनांक 13.02.2026 से 18.02.2026 तक अपरान्ह 2.0 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा कर अधिशासी अभियंता विद्युत् अनुरक्षण खंड -1 लो०नि०वि० लखनऊ एवं अधिशासी अभियंता विद्युत् अनुरक्षण खंड -2 लो०नि०वि० लखनऊ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है ।

मुहरबन्द निविदाए सील्ड लिफाफों में दिनांक 19.02.2026 को अपरान्ह 2.0 बजे तक उक्त कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी तथा दिनांक 19.02.2026 को अपरान्ह 3.30 बजे जिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियो के समक्ष खोली जाएगी । यदि दिनांक 19.02.2026 को अवकाश होता है तो निविदाए अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर प्राप्त एवं खोली जायेंगी । निविदा के साथ 100रु० का जनरल स्टैम्प जिस पर रु० 1.0 का रसीदी स्टैम्प हस्ताक्षरित किया हुआ लगा हो,जमा करना अनिवार्य होगा । निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा ।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत रु० (लाख में) | धरोहर धनराशि रु० (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित(रु०) | फर्म के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विधायक निवास-1व 2(पुराना), दारुलशफा में क्षतिग्रस्त राइजिंग मेन्स के स्थान पर नई केबल की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य । | 7.57 लाख | 0.76 लाख | 02 माह | 856.00 | लो०नि०वि० में विद्युत् कार्यो हेतु 'ए', श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा के पात्र होंगे । |

शर्ते:-1.निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनांक 12.02.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में अधिशासी अभियंता विद्युत् अनुरक्षण खंड -1 लो०नि०वि० लखनऊ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है ।

2.सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।

3-बिड डॉक्यूमेंट के आई०टी०बी०क्लॉज़ 4.4 बी(ii)के अनुरूप निविदादाता द्वारा उपलब्ध करायी सूचनाओ की सत्यता के सम्बन्ध में शपथ -पत्र (टी-6) मूल में एवं चरित्र प्रमाण पत्र (टी-4) संलग्न करना अनिवार्य है।

4.आयकर /जी०एस०टी०/लेबर सेस की कटौती नियमानुसार की जाएगी ।

5.निविदा के साथ धरोहर धनराशि की एफ़०डी०आर०,एन०एस०सी०आदि जो अधिशासी अभियंता विद्युत् अनुरक्षण खंड-1,लो०नि०वि०लखनऊ के पक्ष में बंधक हो,लगाना अनिवार्य होगा,अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

(मुनेश्वर सिंह) अधिशासी अभियंता विद्युत् अनुरक्षण खंड -1 लो०नि०वि०,लखनऊ ।

(अभय कुमार गुप्ता) अधीक्षण अभियंता 30वाँ (वि०/यां०)वृत्त लो०नि०वि०,लखनऊ ।

UP - 245770 दिनांक: 10/02/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पोस्ट आफिस के खाता में आरती देवी लिखा जोकि मेरे आधार कार्ड में विमला देवी लिखा है जोकि दोनो नाम एक व्यक्ति के है। **विमला देवी पत्नी आलोक कुमार निवासी ग्राम पूरे भवन शाह मजरे ताला गोपालपुर जिला रायबरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राममिलन पुत्र लक्ष्मी प्रसाद निवासी भटरी तहसील राजापुर जनपद चित्रकूट द्वारा अपने पुत्र दौलत राम का चाल चलन व चरित्र ठीक न होने के कारण मैं अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करने की घोषणा करता हूं आज दिनांक 11/02/26 से मेरी संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं होगा । **प्रार्थी - राममिलन पुत्र लक्ष्मी प्रसाद, निवासी भटरी तहसील राजापुर जनपद चित्रकूट**

**सूचना**

मैं **राजू पुत्र सुखनन्दन निवासी पूरे सुबेदार पो. रोखा जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरी भारतीय जीवन बीमा की पालिसी संख्या 214974086 में नाम राजूलाल पुत्र औसान यादव दर्ज है, जबकि आधार कार्ड व अन्य कागजात में नाम राजू पुत्र सुखनन्दन अंकित है। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मुझे और मेरे पिता को उक्त नामों से जाना और पहचाना जाता है।

**सूचना**

मैने अपना नाम JAHEEN HAYDAR से बदलकर ZAHEEN HAIDER रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MAZHAR HAYDAR ADD-22/435 SECTOR -12 HAIDER HOUSE INDIRA NAGAR DIST-LUCKNOW-226016 (U.P.)

**सूचना**

सूचित् किया जाता है कि मैंने अपना नाम NEERAJ से बदल कर NEERAJ KUMAR रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वह पहचान जाए पुत्र RAM BAHADUR ग्राम किशनपुर कौड़िया बंथरा लखनऊ का रहने वाला हूं।

**सूचना**

मैं RAJESH KUMAR पुत्र श्री SUMER SINGH निवासी- म0नं0-462, एल्डिको सिटी, आईआईएम रोड, भिटौली खुर्द डुगरिया, लखनऊ, कहना चाहता हूँ कि मेरी पुत्री के हाई स्कूल के प्रमाण पत्र पर त्रुटिवश मेरा नाम RAJESH KUMAR SINGH अंकित हो गया है, अतः सबसे अनुरोध है कि मेरी पुत्री को आकांक्षा सिंह पुत्री RAJESH KUMAR के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

पहले मेरा नाम अली खान (ALI KHAN) था अब मैंने अपना नाम बदलकर अली मुहम्मद (ALI MUHAMMAD) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे अली मुहम्मद (ALI MUHAMMAD) के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/0 DLLDAR HUSAIN KHAN R/O VILL & POST-GORABARIK Thana KOTWALI NAGAR DIST-SULTANPUR, U.P.- 228001

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम दीपाली (DEEPALI) पुत्री राम धीरज है जोकि उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड सं0 3277 5755 2279 में उसका नाम देपिले (depile) अंकित हो गया है, जोकि गलत है। अतरू भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम दीपाली (DEEPALI) पुत्री रामधीरज के नाम से जाना व पहचाना जाये। एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई हैं। **राम धीरज पुत्र राम औतार, निवासी-रसूलपुर, थाना-सतरिख, ब्लॉक हरख, जनपद बाराबंकी, उ0प्र0।**

